उज्जैन
मंगलवार
20
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-79
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



डिजाइनर मसाबा पर कंगना के संगीन आरोप कहा- राम जन्मभूमि दर्शन में साड़ी देने से इनकार किया, सोचकर दिल घबरा जाता है, इतनी कड़वाहट-नफरत

पेज- 8

## ट्रम्प बोले- नोबेल नहीं मिला, अब शांति पर भरोसा नहीं



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें नोबेल न मिलने की शिकायत की गई है। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला। इसलिए अब उन्होंने शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। ट्रम्प ने आगे लिखा- शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलना भी है। इसकी वजह से उनके फैसले पर भी असर पड़ रहा है।

## ब्रिटिश एनजीओ ऑक्सफैम ने भारतीय आरक्षण की तारीफ की

**दावोस, स्विट्जरलैंड।** यूएन से जुड़ी ब्रिटिश एनजीओ ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने भारतीय आरक्षण व्यवस्था की तारीफ की है। ऑक्सफैम ने सोमवार को अपनी सालाना असमानता रिपोर्ट जारी की। इसे स्विट्जरलैंड के दावोस शहर में हुई वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के पहले दिन पेश किया गया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आरक्षण व्यवस्था इस बात का मजबूत उदाहरण है कि कैसे आम लोगों को राजनीतिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। जहां दुनियाभर में अरबपति राजनीति पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं, वहां भारत की नीतियां अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों और समाज के पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है।

## कर्नाटक के डीजीपी लेवल के अधिकारी रामचंद्र राव सस्पेंड



**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस डीजीपी को सस्पेंड कर दिया गया है। सोमवार को उनका एक अश्लील वीडियो सामने आया था, जिसके बाद सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। वायरल वीडियो में डीजीपी के. रामचंद्र राव कई महिलाओं के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद उट सिद्धरमैया ने कहा था कि अगर अधिकारी दोषी पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद डीजीपी गृह मंत्री जी परमेश्वर से मिलने पहुंचे लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी।

## पाकिस्तान बनने का मकसद पूरा होने वाला है: आसिम मुनीर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही। आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे। इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे। इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है।

# नितिन नबीन भाजपा के सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष, निर्विरोध चुने गए

### आधिकारिक ऐलान आज, 46 साल पुरानी पार्टी के 12वें प्रेसिडेंट होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन अब पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। सोमवार को दिल्ली में पार्टी हेडक्वार्टर में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई। 45 साल के नबीन पार्टी के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। उनसे पहले अमित शाह 49 साल की उम्र में पार्टी के नेशनल प्रेसिडेंट चुने गए थे।

इधर, मंगलवार को नितिन नबीन के भाजपा अध्यक्ष चुने जाने का आधिकारिक ऐलान किया जाएगा। इससे पहले नितिन नबीन दिल्ली में भगवान वाल्मीकि मंदिर, गुरुद्वारा बंगला साहिब और



झंडेवालान मंदिर गए। वे आज पीएम मोदी से भी मिल सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के बाद राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा था- इस पद के लिए केवल नितिन नबीन का ही नाम प्रस्तावित हुआ है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के समर्थन में कुल 37 सेट नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

#### चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था

नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें सभी वैध पाए गए। अब नितिन के नाम का औपचारिक ऐलान आज किया जाएगा। नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, नितिन गडकरी समेत सभी राज्यों के सीएम और सीनियर नेताओं ने नितिन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किया था। भाजपा ने 16 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। नितिन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

## राजस्थान में आंधी-बारिश की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के आने का अलर्ट है। यहां 5 दिन बाद आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है। फिलहाल कई जिले कोहरे की चपेट में हैं, जिसके कारण विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई है।

वहीं, उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में आज भी कोहरा छाया है। आगरा में ताज महल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक यहां भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस समेत 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है।

### अमेरिका में बर्फीले तूफान की वजह से हादसा, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

# 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराई

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं।

फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा। यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196



पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। फॉक्स न्यूज से बात करते हुए लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। उन्होंने कहा पीछे से लगातार टकराने की आवाजें आ रही थीं। आगे तो दिख रहा था, लेकिन पीछे क्या हो रहा है, यह साफ नजर नहीं आ रहा था। हालात काफी डरावने थे।

## दक्षिण भारत के प्रसिद्ध अभिनेता एम. श्रीकांत एवं भूपाल राजू ने किए बाबा महाकाल के दर्शन



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दक्षिण भारत फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता एम. श्रीकांत एवं भूपाल राजू ने प्रातः काल ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की पावन भस्म आरती में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से इंजीनियर शिवाकांत पांडे द्वारा एम. श्रीकांत एवं भूपाल राजू का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

# अमेरिका ने ग्रीनलैंड में मिलिट्री एयरक्राफ्ट भेजा

### पिटुफिक स्पेस बेस पर तैनात होगा, डेनमार्क ने भी सैनिक भेजे



ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड का एक सैन्य विमान ग्रीनलैंड भेजा है। यह विमान जल्द ही पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेगा।

नोराड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि यह तैनाती पहले से तय सैन्य गतिविधियों के तहत की जा रही है। कमांड ने साफ किया कि इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी डेनमार्क और ग्रीनलैंड को दी गई है। ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क ने भी ग्रीनलैंड में अतिरिक्त सैनिक तैनात किए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को कई विमान डेनमार्क के सैनिकों और सैन्य उपकरणों को लेकर ग्रीनलैंड पहुंचे। नोराड के बयान के मुताबिक, पिटुफिक स्पेस बेस पर पहुंचने वाला यह विमान अमेरिका और कनाडा के ठिकानों से संचालित अन्य विमानों के साथ मिलकर लंबे समय से तय रक्षा गतिविधियों में शामिल होगा।

## बीएमसी मेयर पद- शिवसेना ने फिर दावेदारी के संकेत दिए



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सोमवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका मेयर पद पर शिवसेना की दावेदारी के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी से शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की जन्मशती वर्ष की शुरूआत हो रही है। शिवसैनिकों की इच्छा है कि इस मौके पर बीएमसी में शिवसेना का मेयर होना चाहिए।

हालांकि शिंदे ने यह भी स्पष्ट किया कि शिवसेना कोई ऐसा फैसला नहीं करेगी जो जनादेश के खिलाफ हो। उन्होंने याद दिलाया कि बीएमसी चुनाव शिवसेना और बीजेपी ने गठबंधन में लड़ा था। जिन नगर निगमों में शिवसेना और बीजेपी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा है, वहां महायुति का ही मेयर बनेगा।



## खबर एक नजर...

### मुख्यमंत्री डॉ यादव 26 जनवरी को शिप्रा किनारे तिरंगा फहराएंगे

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 जनवरी को शिप्रा किनारे कार्तिक मेला मैदान पर गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर तिरंगा फहराएंगे। इसी तारतम्य कलेक्टर सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सोमवार शाम कार्तिक मेला मैदान का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल का प्रोपर लेआउट बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कार्यक्रम के लिए बैठक व्यवस्था, कल्चरल कार्यक्रमों का चयन, कार्यक्रम स्थल पर दीवारों और रैलिंग की रंगाई पुताई, आवश्यक सौंदर्यीकरण, विद्यालय का चयन कर विशेष भोज की व्यवस्था आदि करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी शर्मा ने सुरक्षा की दृष्टि के लिए आवश्यक संख्या में जवानों की तैनाती, कार्यक्रम के लिए आवागमन व्यवस्था और ट्रैफिक प्लान के संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### सपाक्स पार्टी का मुख्य सचिव को ज्ञापन

**उज्जैन।** एक बेटी के लिए अपमानजनक कथन करने के मामले में आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने, उसे निलंबित करने एवं उसके विरुद्ध शीघ्र विभागीय कार्रवाई करने के लिए सपाक्स पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व आईएएस द्वय डॉ वीणा घाणेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं डॉ हीरालाल त्रिवेदी राष्ट्रीय संयोजक के नेतृत्व में मुख्य सचिव अनुराग जैन से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए, उसे निलंबित किया जाए एवं उसे रिवर्ट करने की कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, निर्णय भारत सरकार को करना है। प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदोन्नति के मामले में भी हाई कोर्ट में तत्काल राज्य शासन का पक्ष रखना का निवेदन किया ताकि वहां से शीघ्र निराकरण होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदोन्नति के रास्ते खुले। प्रवक्ता सुरेश शुक्ला ने यह भी बताया कि सपाक्स पार्टी एवं सर्व समाज की ओर से दिनांक 18 जनवरी को टीटी नगर थाने के सामने एकदिवसीय अनशन भी किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में सुरेश शुक्ला महासचिव विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्रा, कर्नल केसरी सिंह, एक दीक्षित, राहुल राजपूत, भूपेंद्र द्विवेदी आदि सम्मिलित थे।

### सेवा, संस्कार और उत्सव के संग मनाया गया यादव परिवार का जन्मदिवस समारोह



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव, मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष दादा दयालु एवं उनके सुपुत्र अभय यादव का जन्मदिन आज उज्जैन में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सौहार्द के साथ अत्यंत भव्य रूप से मनाया गया। जन्मदिवस कार्यक्रम की शुरूआत धार्मिक व मानवीय सेवा के भाव के साथ हुई। नारायण यादव अपने समर्थकों एवं शुभचिंतकों के साथ सर्वप्रथम तिलकेश्वर गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गौमाताओं को हरी घास खिलाकर गौसेवा की और समाज में करुणा एवं संस्कार का संदेश दिया। इसके पश्चात चिंतामन गणेश रोड स्थित राजा राम रिसोर्ट में समर्थकों द्वारा भव्य जन्मदिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर विधानसभा अध्यक्ष कायस्थ समाज मंगेश श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष एवं स्वदेश न्यूज के जिला ब्यूरो सचिन खरे, वरिष्ठ पत्रकार रितेश खंडेलवाल, प्रियांश श्रीवास्तव एवं शिव श्रीवास्तव ने तिलकेश्वर गौशाला एवं राजा राम रिसोर्ट पहुंचकर दादा दयालु नारायण यादव का आत्मीय स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश के छात्रों को किया संबोधित

# युवाओं को सक्षम बनाना सरकार की प्राथमिकता

### प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं हैं उपलब्ध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होती दिखाई दे रही है। प्रत्येक वैश्विक मंच पर भारत ने अपनी साख स्थापित की है और प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हैं। भारत आज विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो विश्व का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री मोदी प्रभावी रूप से इस युवा लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के कोने-कोने से आए युवा संगठित होकर दिल्ली में अध्ययन कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं से हुई भेंट ने उनकी दिल्ली यात्रा को सार्थक बना दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकरलाल सभागार में मध्यप्रदेश के अध्ययनरत छात्रों के संगठन मध्यांचल स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे। मध्यांचल उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है और राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ है। युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा हमारा लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनें। युवा, कृषि-टेक्नोलॉजी एवं चिकित्सा जैसे सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ें, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित विश्व स्तर पर हो रहे सभी नवाचारों में दक्ष हो और देश और प्रदेश को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें, यही हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि राज्य में सिंचाई के रकबे में वृद्धि हुई है। आगामी 5 वर्षों में प्रदेश का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल के तहत अधिक से अधिक मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे। सरकार का लक्ष्य नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के माध्यम से राज्य में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाना है। उन्होंने बताया राज्य में टेक्सटाइल उद्योग स्थापित करने पर प्रतिमाह 5 हजार प्रति श्रमिक के लिए सरकार द्वारा सहयोग राशि दी जाएगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि युवाओं को सहयोग देने के विशेष प्रावधान राज्य सरकार की नीतियों में किए गए हैं।

## हम विकास भी करेंगे, तो विरासत को साथ लेकर चलेंगे : प्रहलाद सिंह पटेल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आज विधानसभा क्षेत्र घट्टिया में अटल सुशासन भवन (जनपद भवन) घट्टिया का भूमिपूजन कार्यक्रम, मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मंत्री प्रहलाद पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ विकास होता है, तो विरासत भी साथ चलना चाहिये। हमें विकास ही नहीं करना, बल्कि विरासत को भी साथ लेकर चलना है। मोदी सरकार ने विरासत और विकास दोनों को आगे बढ़ाया है और भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का काम भी कर रहे हैं।

मंत्री प्रह्लाद पटेल ने पंचायत और ग्रामीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को गति दें और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पंचायत भवनों का निर्माण और सामुदायिक भवनों का विकास ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री प्रह्लाद पटेल ने नदियों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि नदी और सदी का गहरा संबंध है। उद्गम स्थल तभी जीवित रहता है, जब पेड़-पौधे होते हैं। नदियों की धारा को अविरल और प्रदूषण रहित बनाना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने नदी पुनरुद्धार और वृक्षारोपण को प्राथमिकता देने का आह्वान भी किया। घट्टिया विधायक सतीश मालवीय ने अपने उद्बोधन में मुख्य रूप से घट्टिया विधानसभा के विकास कार्यों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में सड़कों, औद्योगिक परियोजनाओं और सुविधाओं के लिये सबसे अधिक राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि किसान हितों के लिये सरकार प्रतिबद्ध है और प्राकृतिक आपदाओं में क्षेत्र के किसानों को भरपूर सहायता मिल रही है। सतीश मालवीय ने अपने भाषण में कहा कि उज्जैन झालावाड़ रोड़, इंडस्ट्रीयल प्रोजेक्ट और मेडिकल डिवाईसेस से उनके क्षेत्र को बहुत लाभ हुआ है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उनका क्षेत्र घट्टिया विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है और उन्होंने मुख्यमंत्री और केन्द्र सरकार के निर्णयों ओर कार्यों की सराहना की है।

## मुख्यमंत्री यादव की मंशानुरूप जिले में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सर्वे कार्य जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप सुशासन एवं स्वराज के लिए प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर उसके पात्रता प्राप्त हितग्राहियों तक समय सीमा में पहुंच सके इसलिए प्रदेश भर में 'संकल्प से समाधान' अभियान प्रारंभ हो गया है। यह अभियान आगामी 31 मार्च तक चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं (जैसे किसान कल्याण, लाड़ली बहना, वृद्धापेंशन, आवास आदि) का समय पर लाभ मिल सके। जिले में अभियान के पहले चरण (12 जनवरी से 15 फरवरी) में पंचायत स्तर के अमले द्वारा घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। साथ ही हितग्राहियों से आवेदन एकत्रित कर उन्हें शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

इसी कड़ी में सोमवार को जिले की महिदपुर की ग्राम पंचायत कोयल, कानाखेड़ी, में घर-घर जाकर निर्धारित प्रारुप में सर्वे का काम किया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों से विभिन्न योजनाओं के आवेदन भी भरवाए गए।

सिंगापुर लाईफ स्टाईल,
अभिलाषा कॉलोनी के पास,
देवास मेन रोड़, उज्जैन
लोकेशन के लिए
SINGAPORE LYFESTYLE Ujjain
RERA NO.: P-OTH-25-5933
Marketing Partner
REALMAKER
Making Your Dream Real
Indore • Ujjain • Dewas • Bhopal
✆ 8982745307, 896234464,
Helpline : 8000808084

## एग्जाम स्पेशल



Exam special by : Rahul Shukla
( Educator n Motivator Guru )

# भौतिकशास्त्र की तैयारी कैसे करें

विज्ञान संकाय मे भौतिकशास्त्र छात्रों को एक कठिन विषय लगता है जबकि योजनाबद्ध तरीके से इस के विभिन्न टॉपिक तैयार किए जाएं तो ये कठिन तो बिल्कुल नहीं है। बोर्ड परीक्षा पैटर्न के हिसाब से 28नंबर के वस्तुनिष्ठ बहुत महत्वपूर्ण हैं।

**कैसे करें वस्तुनिष्ठ की तैयारी-** सबसे पहले तो पिछले सालों के अनसाल्व्ड पेपर्स को एक बार देखकर आइडिया लगाएं कि किस प्रकार के आबजेक्टिव आते हैं। इनको एक अलग कॉपी में नोट कर लें और सुबह जल्दी उठकर रोज एक बार रिवीजन करना चाहिए। किसी भी वस्तुनिष्ठ प्रश्न का उत्तर अच्छे से याद हो कि हम कन्फ्यूज न हों।

**पंच कार्ड बना लें-** सभी घरों में विवाह या जन्मोत्सव के निमंत्रण कार्ड आते हैं जिसके एक ओर छपा होता है पर दूसरी तरफ प्लेन खाली होता है। हम इसका सदुपयोग करें और इन काड्‌र्स के छोटे-छोटे टुकड़े कर लें सभी एक साइज के। एक छोटे कार्ड पर प्रश्न एक तरफ और उसका उत्तर दूसरी तरफ लिख लें। बिस्तर पर जब तक नींद न आए हम एक कार्ड उठाकर उसपर अंकित प्रश्न देखें फिर उसका उत्तर मनन करते हुए सोचें यदि उत्तर याद न आए तो कार्ड के दूसरी ओर अंकित उत्तर देखकर याद करें। ऐसा नियमितरूप से प्रतिदिन करें।

चार अंक के दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूरे पेपर में चार ही रहेंगे और यूनिट फिक्स हैं कि ये उन्हीं यूनिट में से आएंगे। ऐसे में हम उन यूनिट्स से लांग आनसर वाले प्रश्न ही तैयार करें। जैसे प्रकाश वाले यूनिट से संयुक्त सूक्ष्मदर्शी का पूरा वर्णन, डायग्राम व कार्यविधि, इलेक्ट्रानिक्स वाली यूनिट से हाफ वेव रेक्टिफायर या फुलवेव रेक्टिफायर आदि। इन्हें याद करने के बाद लिख लिखकर भी देखना है। जहां अटक जाएं उस चीज को वापस याद करें।

**अंतर जरूर याद करें-** भौतिकशास्त्र में तीन अंक के प्रश्नो में अंतर क्या है वाले प्रश्न आते हैं जैसे अवरोध और विशिष्ट अवरोध मे अंतर बताओ। पी- टाइप व एन- टाइप अर्ध- चालक में तीन अंतर लिखो। ये प्रश्न बहुत ही सरल होते हैं। कॉपी के बीच में लाइन खींचकर दो कॉलम बनाकर हैडिंग डालें फिर दोनो साइड दोनों के वारे मे लिखें। तीन अंक का प्रश्न है तो तीन ही अंतर लिखें। ज्यादा अंतर लिखकर समय का अपव्यय न करें।

**दो अंक के प्रश्नों की तैयारी-** दो अंक के सात प्रश्न होते हैं जो बहुत महत्व रखते हैं। ये बहुत छोटे भी हैं और याद करने में आसान भी होते हैं। प्रायः इन प्रश्नों में परिभाषाएं या दो अंतर पूछे जाते हैं। कभी कभी किसी भौतिक राशि की यूनिट या मात्रक पूछे जाते हैं जैसे अवरोध की यूनिट क्या है? सीधा सा उत्तर होगा ओहम। ऐसे ही एक आदर्श एमीटर का अवरोध कितना होता है? उत्तर है शून्य। ये याद करना आसान है और ये अच्छे अंक अर्जित कराते हैं। सभी भौतिक राशियों के मात्रक याद करें, परिभाषा याद करें।

**डायग्राम की प्रेक्टिस-** भौतिकशास्त्र में सर्किट डायग्राम व रे- डायग्राम दोनो का महत्व है। इनकी खूब प्रेक्टिस रफ कागज पर बनाकर करें। रे- डायग्राम में किरण की दिशा बताने के लिए हमेशा तीर के चिन्ह (ऐरो हैड) बनाना चाहिए।



राहुल शुक्ला
एम एस सी
भौतिकशास्त्र व रिटायर्ड व्याख्याता

उज्जैन
मंगलवार
20
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

वयसि गते कः कामविकारः, शुष्के नीरे कः कासारः। क्षीणे वित्ते कः परिवारः, ज्ञाते तत्त्वे कः संसारः॥

**अर्थः** आयु बीत जाने के बाद काम भाव नहीं रहता, पानी सूख जाने पर तालाब नहीं रहता, धन चले जाने पर परिवार नहीं रहता और तत्त्व ज्ञान होने के बाद संसार नहीं रहता।

## खबर एक नजर...

### श्री चारभुजा जी अमावस दो दिवसीय प्रभु दर्शन निःशुल्क वाहन यात्रा का जत्था रवाना



**इंदौर।** श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ, इंदौर के प्रमुख व्यवस्थापक एवं मीडिया प्रभारी पं. तरुण व्यास (महाराज) ने बताया कि श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ के संयोजक संतोष हीरालाल जोशी संटू भैया के नेतृत्व में श्री चारभुजा जी राजस्थान अमावस दो दिवसीय प्रभु दर्शन निःशुल्क वाहन यात्रा 17 जनवरी शनिवार प्रातः 8 बजे बड़ा गणपति मंदिर से प्रारम्भ हुई इस यात्रा में महाँकाल ज्योतिर्लिंग उज्जैन, पशुपतिनाथ जी मंदसौर, भादवा माताजी, आवरी माताजी, साँवरिया जी मंडफिया, श्रीनाथजी नाथद्वारा, एकलिंगनाथ जी महादेव कैलाशपुरी, श्री चारभुजा जी गढ़बोर, श्री रोकडिया हनुमान जी, लक्ष्मण झूला, श्री रूपनारायण जी सेवंत्री, सूरजकुण्ड व यात्रा मार्ग के अन्य प्रमुख मंदिरों के दर्शन लाभ 50 से अधिक प्रभु भक्तों को कराए जाएंगे।

### विंध्याचल सोशल ग्रुप का वार्षिकोत्सव सम्मेलन 25 जनवरी रविवार को

**इंदौर।** सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप, इंदौर के अध्यक्ष आर पी शर्मा, सचिव दिलीप मिश्रा एवं मीडिया प्रभारी डॉ. आर एन मिश्रा ने बताया कि ग्रुप का 20 वाँ वार्षिकोत्सव 25 जनवरी 2026 को सुबह 11बजे से बिचौली मदार्ना स्थित ब्लू लीफ होटल के गार्डन में मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव में मालवा की माटी इंदौर एवं आसपास रहने वाले विंध्य क्षेत्र (रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, अनूपपुर एवं मऊगंज जिले के) के सभी जाति एवं धर्म के हजारों लोग सम्मिलित होंगे। साथ ही विंध्य क्षेत्र की परंपरा के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजनों के साथ उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं ग्रुप से जुड़े हुए, जिला, संभाग, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ियों का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही ग्रुप के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, सीधी सिंगरौली के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं इंडिगो एअर लाइंस के वाइस प्रेसिडेंट वरुण द्विवेदी भी उपस्थित रहेंगे।

### पिता ने 200 रुपए के सरिए बेच दिए तो बेटे ने मार-मारकर अधमरा किया, मौत

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में मामूली बात पर बेटे ने पिता की पीटकर हत्या कर दी। पिता ने बेटे से रुपए मांगे तो उसने मना कर दिया था। इसके बाद पिता ने घर के सरिए बेच दिए। यह बात बेटे को पता चली तो उसने पिता को मार-मारकर अधमरा कर दिया। गंभीर हालत में परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए, वहां इलाज के दौरान छह दिन बाद उसके पिता ने दम तोड़ दिया। आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, मृतक का नाम संजय गोलाई (45) निवासी स्कीम-78 है। आरोपी बेटे का नाम राहुल है, दोनों मजदूरी करते हैं। उनके घर में किचन बनाने का काम चल रहा था। 13 जनवरी की शाम संजय ने घर के लोगों से रुपए मांगे। उन्होंने नहीं दिए तो संजय ने 200 रुपए के सरिए बेच दिए। यह पता चलते ही राहुल संजय को मुक्के और लात मारने लगा। उसने पिता के पेट पर इतने वार किए कि वह अधमरा हो गया।

### 2 टर्मिनल, 24 घंटे संचालन और बिजासन की तरफ से शुरू होगा गेट

# इंदौर एयरपोर्ट पर अप्रैल से बढ़ने लगेंगी सुविधाए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट आने वाले ढाई महीनों में पूरी तरह नए रूप में नजर आएगा। एयरपोर्ट पर पुराने टर्मिनल का दोबारा संचालन, 24 घंटे विमान परिचालन और बिजासन की ओर नया एग्जिट गेट शुरू होने जा रहा है। इन बदलावों से जहां यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं वर्षों से चली आ रही पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या से भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा कई शहरों के लिए उड़ान मिलने की भी पूरी संभावना है।




एयरपोर्ट के पीआरओ रामस्वरूप यादव ने बताया कि विस्तार और सुधार से जुड़े कई अहम काम अंतिम चरण में हैं। पुराने टर्मिनल के शुरू होने से मौजूदा टर्मिनल पर यात्रियों का दबाव कम होगा, जबकि अलग एग्जिट गेट बनने से टर्मिनल के सामने लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। रनवे मरम्मत का कार्य मार्च के अंत तक पूरा होने के बाद संभवतः 1 अप्रैल से एयरपोर्ट फिर से 24 घंटे संचालित होगा। अभी रात के समय करीब आठ घंटे एयरपोर्ट बंद रहने से उड़ानों की संख्या सीमित है। 24 घंटे संचालन शुरू होते ही नई उड़ानों के लिए रास्ता खुलेगा और यात्रियों को समय के ज्यादा विकल्प मिलेंगे।

**नया एग्जिट गेट बनकर तैयार-** एयरपोर्ट पर पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या को खत्म करने के लिए बिजासन टेकरी की ओर नया एग्जिट गेट तैयार कर लिया गया है। फिलहाल प्रवेश और निकास के लिए एक ही मार्ग होने से पीक ऑवर्स में टर्मिनल के सामने वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

### दो टर्मिनल से होगा संचालन

- इसके शुरू होने के बाद एयरपोर्ट पर आने वाले वाहन यात्रियों को लेकर सीधे बिजासन मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर निकल जाएंगे। अभी यहां से केवल अधिकारियों के वाहन आ-जा रहे हैं। पार्किंग ठेकेदार द्वारा बैरियर लगाए जाने और मुख्यालय से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद आम वाहनों को भी इसी गेट से बाहर निकाला जाएगा।
- नए साल में पुराने टर्मिनल को फिर से चालू किया जाएगा, जहां से एटीआर विमानों का संचालन होगा। इससे मुख्य टर्मिनल पर भीड़ कम होगी और चेक-इन व सुरक्षा जांच में लगने वाला समय घटेगा। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि दो टर्मिनल संचालन से यात्रियों को ज्यादा सुगम और व्यवस्थित व्यवस्था मिलेगी। इंदौर एयरपोर्ट से जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच 43 लाख 96 हजार 611 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। यह एयरपोर्ट के 88 वर्षों के इतिहास में पहली बार है, जब यात्री संख्या 40 लाख के पार पहुंची। इसी अवधि में 32,558 उड़ानों का संचालन हुआ, जो इंदौर की मजबूत एविएशन ग्रोथ को दशार्ता है।

### इंदौर क्राइम ब्रांच में शिकायत, पीड़ित ने कहा- किप्ट्रो और ऑनलाइन ट्रेनिंग में लाभ का दिया झांसा

# निवेश के नाम पर 17.66 लाख ठगे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में एक निवेश कंपनी के खिलाफ 17 लाख 66 हजार से ज्यादा की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कंपनी के कर्ताधताओं के खिलाफ शिकायत की है।

जिसकी जांच क्राइम ब्रांच के डीसीपी करवा रहे हैं। डीसीपी के रीडर ने पीड़ित को नोटिस जारी कर बयान भी लिए लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी के यहां बेगुसराय निवासी अंगेश कुमार ने शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ इन्फिनिक्स इन्फोटेक कंपनी के संचालक मनीष पांडे ओर कर्मचारी अंकित तिवारी ने धोखाधड़ी की है। अंगेश ने बताया कि पहले अंकित तिवारी से मुलाकात हुई थी। उसने बताया था कि कंपनी प्रोजेक्ट इंवेस्टमेंट का काम करती है। वह बडे. प्रोजेक्टों में शामिल होती है। कंपनी एल्गोरिदम सॉफ्टवेयर प्रोवाइड करती है।




जिसमें ऑटोमैटिक ट्रेडिंग की बात की। इसमें प्रॉफिट एक साल में करीब 1 करोड़ के लगभग हो जाएगा। अंगेश ने बताया कि मैंने अंकित की बातों में आकर अलग-अलग हिस्सों में 17 लाख 66 हजार रुपए इन्वेस्ट कर दिए।

अंकेश ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरी सबसे पहले अप्रैल 2024 में अंकित से मुलाकात हुई थी। तब अंकित ने अपनी कंपनी का नाम स्पेयर टेक्नोलॉजी बताया था। उसने 2 मोबाइल नंबरों से बार-बार संपर्क करते हुए किप्ट्रो और ऑनलाइन ट्रेनिंग में लाभ देने की बात कही थी।

ट्रेडिंग का डेमो दिखाने के बाद उन्होंने 17 हजार रुपए से इसकी शुरूआत कराई। इसमें 9 प्रतिशत से अधिक लाभ देने की बात हुई।

**10.50 लाख के बाद और रुपए मांगे-** अंकेश ने बताया कि अंकित की बातों में आकर पहले 10 लाख 50 हजार रुपए जमा कराए। इसके बाद कहा गया कि उनका नाम होल्ड में चला गया है। जिसमें और अमाउंट जमा कराने की बात कही। इंकार करने पर अंकित ने भरोसा दिलाया कि कंपनी ओपन हो चुकी है। जिसका ऑफिस रेसकोर्स रोड पर है। इसके बाद इसमें ओर पैसे डलवा दिए। अंगेश ने बताया वे मोबाइल से बातचीत नहीं कर रहे थे। अक्टूबर माह में इंदौर आया तो कंपनी के ऑफिस में बैठाकर मुझे धमकाया गया। मैंने पुलिस कमिश्नर ऑफिस पर शिकायत की तो कंपनी के कर्मचारी प्रियंका और संदीप ने धमकाया। वहीं कंपनी की तरफ से कोर्ट के नोटिस भेजकर धमकाया। इस मामले में क्राइम ब्रांच में शिकायत होने के बाद डीसीपी राजेश त्रिपाठी के रीडर अनिल पुरोहित ने अंगेश को बुलाकर उसके बयान भी लिए थे लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई। बता दें, फर्जी एडवाइजरी मामले में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह पहले ही सीधे तौर पर एफआईआर के आदेश दे चुके हैं। फिर भी अन्नपूर्णा, राजेंद्र नगर, कनाड़िया, पलासिया, तिलकनगर, खजराना, विजयनगर और हीरानगर इलाके में बिना सेबी से रजिस्टर्ड कई एडवाइजरी कंपनी संचालित हो रही हैं।

# नो-एंट्री पाइंट पर ड्यूटी कर रहे आरक्षक का सिर फोड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नो-एंट्री पाइंट पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक आरक्षक पर हमला और फिर थाने में ही मदद न मिलने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कनाड़िया थाना क्षेत्र में गाड़ी में शराब पी रहे मिनी ट्रक चालक को रोकने पर उसके मालिक ने ट्रैफिक आरक्षक पर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया।

घायल आरक्षक के थाने पहुंचने के बाद भी उसे इलाज के लिए खुद अस्पताल जाना पड़ा। रविवार रात 10.30 बजे आरक्षक अनुराग शर्मा ने बिचौली मदार्ना अंडरपास के नीचे नो-एंट्री पाइंट पर मिनी ट्रक के चालक शुभम जायसवाल को शराब पीते पकड़ा था। बाद में वाहन मालिक निखिल बघेल ने आरक्षक का विवाद के बाद पत्थर से सिर फोड़ दिया। ट्रैफिक थाना पूर्व में पदस्थ आरक्षक अनुराग शर्मा पर ड्यूटी के दौरान जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। अनुराग शर्मा ने बताया कि 18 जनवरी की रात उनकी ड्यूटी बिचौली मदार्ना अंडरपास के नीचे नो-एंट्री पाइंट पर थी। रात करीब 10.30 बजे एक चार पहिया वाहन में दो लोग शराब पीते मिले। उन्हें रोककर साथी आरक्षक विष्णु भदौरिया को सूचना देने के लिए बुलाया गया। इसी दौरान वाहन मालिक निखिल बघेल मौके पर पहुंचा, ड्राइवर और क्लीनर को भगा दिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पीछे से सिर पर बड़ा पत्थर मार दिया और जान से मारने की धमकी दी। घायल आरक्षक खून से लथपथ कनाड़िया थाने पहुंचा, लेकिन मदद नहीं मिली। बाद में अस्पताल में सिर में 12 टांके आए। इलाज के बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# फ्लाइओवर निर्माण कार्यों का इंदौर कलेक्टर-निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में विभिन्न स्थानों पर बन रहे फ्लाइओवर के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए सोमवार को कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की स्थिति देखी, संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**बोले- जून तक काम पूरा करें, सर्विस रोड भी दुरुस्त रखें और यातायात व्यवस्था में बाधा न आए**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और निगमायुक्त ने ट्रैफिक व्यवस्था और आमजन की आवाजाही को लेकर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के चलते लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए सर्विस रोड को दुरुस्त रखा जाए और वैकल्पिक यातायात व्यवस्था सुचारु रहे। इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम, जिला प्रशासन और एमपीआरडीसी की एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि देवास नाका, मूसाखेड़ी, सत्य साईं और क्रिस्टल आईटी पार्क फ्लाइओवर के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि निर्माण में आ रही बाधाओं को समय-सीमा में दूर करने को लेकर चर्चा की गई है। यह सभी परियोजनाएं शहर की यातायात व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और इन्हें जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासन ने संबंधित एजेंसियों को गुणवत्ता और समय-सीमा दोनों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि शहरवासियों को जल्द राहत मिल सके।

**धूल को रोकने के लिए नेटिंग करें-** निर्माण कार्य के चलते लोगों को दिक्कत ना हो इसके लिए भी निर्देश दिए गए हैं। किस प्रकार ट्रैफिक संचालन करना है, काम के दौरान धूल ना उड़े इसके लिए भी नेटिंग करने, काम जब चले सर्विस रोड पर पेंचवर्क, रिपेयरिंग, सर्विस रोड पर डामर डालना आदि के निर्देश दिए हैं, ताकि ट्रैफिक आसानी से चले। आने वाले दिनों में इन कामों की फिर से समीक्षा की जाएगी। फ्लाइओवर जल्दी तैयार हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई जगह रिमूवल की जरूरत है। वह भी कराया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### वैष्णव बैरागी समाज बड़नगर कि बैठक सम्पन्न

**बड़नगर।** वैष्णव बैरागी समाज द्वारा 18 जनवरी रविवार को माँ कालिका माता मंदिर पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक में अध्यक्ष द्वारा समाज की वर्षो से निष्क्रीय कार्यकारीणी को पुनः गठीत कर नवीन कार्यकारीणी व अध्यक्ष का चयन कर समाज की गतीविधीयो पर विचार मंथन किया गया। उक्त बैठक मे समाज के सदस्य गौपालदास बैरागी, कालुदास बैरागी, गुलाबदास बैरागी, पंकज बैरागी, मनीष वैष्णव, प्रेमदास बैरागी, मनीष बैरागी, सोनु शोभावत, महेष बैरागी, अरूण चक्रधारी, दिलिप बैरागी, पवन चक्रधारी, जम्नादास बैरागी आदी उपस्थीत रहे।

### तेलंगाना में मुस्कान मानव सेवा समिति उज्जैन को राष्ट्रीय सम्मान

**उज्जैन।** हैदराबाद जिंदगी फाउंडेशन के तत्वावधान में थैलेसीमिया एंड सिकल सेल सोसायटी सभागार, पुलिस अकादमी हैदराबाद में गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए रक्तवीरों द्वारा 248 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध नायक नायक दीपचंद जी एवं समाजसेवी प्रेम कच्छावा ने मुस्कान मानव सेवा समिति उज्जैन के प्रदेश अध्यक्ष रईस खान को स्मृति चिन्ह भेंट कर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया।

### महाराणा प्रताप की 429 वीं पुण्यतिथि पर आज पुण्यस्मरण किया

**उज्जैन।** चामुंडा माता चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर 19 जनवरी 2026 सोमवार की प्रातः 11 बजे उनकी 429 वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया गया । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल,राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट,शहर अध्यक्ष-अभिषेकसिंह बैस, युवावींग के प्रदेश सचिव दर्शन ठाकुर, राजेशसिंह दिखित,शैलेन्द्रसिंह ठाकुर, श्याम बहादुरसिंह बघेल, दुरुपदसिंह पंवार अर्जुनसिंह सिकरवार, राघवेंद्रसिंह भदौरिया, राघवेंद्रपालसिंह जादौन आदि ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी आदरांजली अर्पित की।

### दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप उज्जयिनी मेन का शपथ ग्रहण

# सामाजिक सेवा, संस्कार, संवर्धन, संगठनात्मक सुदृढ़ता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का लिया संकल्प





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप उज्जयिनी मेन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भव्य एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में फेडरेशन के कार्याध्यक्ष कीर्ति पंड्या तथा भोपाल से पधारे डिप्टी कमिश्नर सुधीर जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में शपथ अधिकारी के रूप में फेडरेशन के प्रदीप चौधरी एवं उज्जैन रीजन अध्यक्ष नवीन जैन की विशेष उपस्थिति रही। स्वागत भाषण ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पांड्या द्वारा दिया गया। इस अवसर पर ग्रुप एवं फेडरेशन के सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ, जिसे कविता लुहाड़िया, नीतू जैन एवं कल्पना जैन ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात ग्रुप की बच्चियों द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

क्त जानकारी गजेन्द्र कासलीवाल ने देते हुए बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में नव नियुक्त अध्यक्ष विपिन कासलीवाल, सचिव अनिल जैन (सीमेंट), कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र गंगवाल के साथ ग्रुप की संपूर्ण नवीन कार्यकारिणी ने अपने-अपने दायित्वों की शपथ ली एवं सामाजिक सेवा, संस्कार संवर्धन तथा संगठनात्मक सुदृढ़ता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में बेस्ट कपल का पुरस्कार सुरेन्द्र-संगीता जैन को, बेस्ट फीमेल का पुरस्कार डॉ. अनुष्का जैन को तथा बेस्ट मेल का पुरस्कार डॉ. राजेश जैन को प्रदान किया गया।

समारोह के संयोजक नितिन डोसी, दिलीप सोगानी, राजेश फाइनेंसर एवं प्रदीप झांझरी रहे। समारोह का प्रभावी संचालन रोशिता कासलीवाल एवं राजेश कासलीवाल ने किया। अंत में आभार नव नियुक्त सचिव अनिल जैन ने माना।

# हाथ-ठेला व फुटपाथ व्यापारी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर करेंगे शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल क्षेत्र के आसपास वर्षों से व्यवसाय कर रहे हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारियों को बिना किसी पूर्व सूचना हटाए जाने के विरोध में हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर शिकायत करने का निर्णय लिया है।

व्यापारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियमझ2014 का स्पष्ट उल्लंघन है। संघ का आरोप है कि कानून लागू हुए 11 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक न तो व्यवस्थित सर्वे कराया गया और न ही स्थायी संरक्षण अथवा पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी की गई है। इसके चलते छोटे व्यापारियों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। संघ अध्यक्ष कालूराम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर मंदिर प्रशासन एवं नगर निगम से लगातार अपील की जा रही है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी कारण संगठन ने अब प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत करने का निर्णय लिया है। व्यापारी 107 दिनों से नरसिंहगढ़ चौराहे पर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन या जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संघ की मांग है कि वर्षों से चले आ रहे व्यापार को यथावत रखने की अनुमति दी जाए तथा पथ विक्रेता कानून के तहत स्थायी समाधान किया जाए।

# श्रद्धालु एवं वार्ड के निवासियों को मिलेगी सुविधाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भेरूगढ़ स्थित वार्ड क्रमांक 01 में पार्षद निकिता परमानंद मालवीय द्वारा विकास कार्यों के अंतर्गत भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय सिविल डिस्पेंसरी एवं पारस नगर तालाब के निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य का भूमि पूजन एवं पूजन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर वार्ड के निवासी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पार्षद निकिता परमानंद मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से वार्ड के निवासी एवं सिद्धवट मंदिर आने वाले श्रद्धालु स्वास्थ्य जांच की सुविधाओं के अभाव में परेशान थे। उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए वार्ड से दूर जाना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए वार्ड में 10 बेड की शासकीय सिविल डिस्पेंसरी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे वार्डवासियों एवं श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही पारस नगर तालाब का पूजन किया और तालाब पर चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण किया। तालाब के सौंदर्यकरण कार्य पर लगभग 7 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह कार्य आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जिससे आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। तालाब परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी, ताकि वे यहां आराम से ठहर सकें और प्राकृतिक वातावरण का आनंद ले सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि जनता द्वारा चुने गए पार्षदों की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने वार्ड के विकास के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखें। हमारे कांग्रेस के पार्षद लगातार वार्ड में विकास कार्य कर रहे हैं। सिंहस्थ 2028 के दौरान जब देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे, तब उन्हें यहां के विकास कार्य दिखाई देंगे और वे सुविधाजनक वातावरण में ठहर सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में पार्षद द्वारा वार्ड के सफाई कर्मियों का फूल मालाओं से सम्मान किया गया तथा उन्हें वार्ड को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम- डॉ. पुराणिक

### गोद ग्राम लालपुर में हुआ एनएसएस विशेष शिविर का भव्य उद्घाटन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है, जो उनमें अनुशासन, नेतृत्व एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है।

यह बात गोद ग्राम लालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. प्रशांत पुराणिक, प्राचार्य, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने कही। उद्घाटन समारोह में डॉ. एच. एल. अनिजवल, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक; डॉ. रमन सोलंकी, प्रोफेसर, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन, डॉ. मंगलेश्वर ठाकरे, प्राध्यापक, भौतिक विभाग, डॉ. राजेंद्र सिंह सोलंकी, प्राध्यापक, इतिहास विभाग, डॉ तरुण शाह, चेयरपर्सन, डॉ. नरेंद्र शर्मा, प्राचार्य तथा डॉ. नवीन साहू, विभाग अध्यक्ष वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय, नवसंवत कॉलेज विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवक प्रवीणा एवं पायल द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। डॉ. रमन सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्राएँ पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन का अनुभव प्राप्त करती हैं, जो उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाता है।

क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. एचएल अनिजवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस शिविर युवाओं को सेवा, संवेदना और सामाजिक सहभागिता का वास्तविक अर्थ समझाते हैं तथा ग्रामीण समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर डॉ. दिव्या वर्मा, एनएसएस अधिकारी द्वारा शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वास्थ्य शिविर, जन-जागरूकता रैली, पोषण सप्ताह, शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रतिदिन बौद्धिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### सतीश जाट बने इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट युनियन के ज्वाईट सेक्रेटरी मप्र

**उज्जैन।** सतीश जाट को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट युनियन मप्र इकाई में ज्वाईट सेक्रेटरी मप्र के रूप में नियुक्त किया गया।

देश में पत्रकारों की समस्याओं को लेकर भारत सरकार / राज्य सरकारों से अपनी मांगे पूरी करवाने में अगृणी सर्व प्रथम 1955 में पजीकृत इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट युनियन लंबे अरसे से देश सहित पांच अन्य देशों में भी अपने जड़े जमा चुका है। इस संगठन के वर्तमान अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन एवं सेक्रेटरी जनरल परमानंद पाण्डे के द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर सतीश जाट को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट युनियन मप्र इकाई में ज्वाईट सेक्रेटरी मप्र के रूप में नियुक्त किया गया। सतीश जाट युनियन की परम्पराओं के अनुसार पत्रकारों की समस्याओं के प्रति सजग रहते हुए आसपास के जिले/तहसील/ब्लाक में संगठन से जुड़ने हेतु पत्रकार साथियों को एकजुट करेंगे।

### सिंहस्थ 2028 की सफलता की कामना

**उज्जैन।** सिहस्थ 2028 निर्विघ्न रूप से संपन्न हो, इस कामना के साथ शहर आए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री और श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने जूना अखाड़ा नीलगंगा पहुंचकर नीलगंगा सरोवर में गंगा पूजन किया। साथ ही जूना अखाड़ा नीलकंठ महादेव मंदिर के चल रहे मन्दिर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर इंजीनियरों को दिशा निर्देश दिए। वहीं भगवान नीलकंठ महादेव का पूजन अभिषेक किया। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के श्रीमहंत आनंद पूरी महाराज, जूना खेड़ा के अंतर्राष्ट्रीय सचिव श्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज, श्री महंत परमानंद गिरि महाराज, सत्यानंद गिरी, पुकार गिरी महाराज, चन्दन पांडे सहित अन्य सन्त महंत मौजूद थे। चल रहे निर्माण कार्य के बारे में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रबंधक डॉ गोविंद सोलंकी और समन्वय डॉ राहुल कटारिया ने उन्हें कार्य योजना से अवगत कराया।

### कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल मिला जिला निर्वाचन अधिकारी से

**उज्जैन।** भारत निर्वाचन आयोग में एसआईआर के अंतर्गत दावा आपत्तियों हेतु अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित है। भाजपा मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का हर संभव प्रयास करेगी। ऐसे में लोकतंत्र एवं जनता के मताधिकार की रक्षा हेतु पूरी मुस्तेदी और सजगता के साथ कांग्रेस पार्टी जुटी हुई है। 19 जनवरी को जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर के समक्ष प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, विधायक दिनेश जैन बॉस, दिलीप गुर्जर, जिला निर्वाचन प्रभारी हेमंत जोहरी सहित कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा तथा निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त फार्म 07 की तिथिवार बूथवार जानकारी प्राप्त की ताकि प्राप्त जानकारी का अवलोकन कर पता लगाया जा सके कि गलत नाम जोड़ने, काटने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है।

# श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवानजी के आंगी अर्पण महोत्सव में निकला वरघोड़ा

### उज्जैन में प्रथम बार भगवान पार्श्वनाथ प्रभु वेदी जी में विराजमान होकर रथयात्रा में निकले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुम्बई शाखा उज्जैन द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवानजी के आंगी अर्पण महोत्सव में भव्यातीभव्य वरघोड़ा ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट केसरिया तीर्थ खाराकुआं से निकला। उज्जैन में प्रथम बार भगवान पार्श्वनाथ प्रभु वेदी जी में विराजमान होकर रथयात्रा में निकले। नाकोड़ा भेरूजी को रथ पर विराजमान कर, चांदी की आंगी के साथ हाथी, घोड़े, बग्गी, महिला मंडल सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समाजजनों द्वारा भगवान की वैदी की गवली की गई। रास्ते भर आकर्षक रंगोली बनाई, शहनाई वादन के साथ ही अवंती ज्ञान वाटिका के बच्चों का बैंड, शाही ढोल रास्ते भर प्रभु भक्ति करते चले। नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ वरघोड़ा दानीगेट स्थित श्री अवंती पार्श्वनाथ मंदिर पहुंचा। यहां सम्पूर्ण लाभार्थियों द्वारा बनाई गई भगवान अवंती पार्श्वनाथ भगवान की चांदी की आंगी विधि विधान से अर्पण की गई।

अध्यक्ष सुनील जैन, सचिव प्रमोद जैन ने बताया कि मालवा भूषण आचार्य श्री नवरत्नसागरसूरीश्वरजी म. सा. के दिव्य आशीष, राष्ट्रसंत आचार्य श्री चन्द्राननसागरसूरीश्वरजी म.सा. के पावन आशीर्वाद, खतरगच्छाधिपति आचार्य श्री मणिप्रभसागरसूरीश्वरजी म. सा. के शुभ आशीष से आयोजित अंगी अर्पण कार्यक्रम अंतर्गत निकले वरघोड़े में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, समाजसेवी नारायण यादव, रवि राय नेता विपक्ष, मुंबई से कांतिलाल शाह, रेखा बेन शाह, कुसुम बेन, विकास मेहता लूनावाले, हस्ती भाई जैन, नाकोड़ा दरबार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष मनोज भाई शोभावत, महेश कटारिया अध्यक्ष नाकोड़ा दरबार मंडल रतलाम, अनंत जैन भाई नाकोड़ा दरबार मंडल सूरत, सभी का बहुमान किया गया। इंदौर श्री संघ सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। उज्जैन शहर की समस्त महिला मंडल रथयात्रा में शामिल हुई जिनका सम्मान नाकोड़ा दरबार मंडल द्वारा किया गया। अवंती ज्ञान वाटिका के बच्चों के बैंड का संचालन मनीषा कोठारी द्वारा किया गया। वरघोड़ा केसरिया जी तीर्थ खाराकुआं से प्रारंभ होकर सराफा, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर होता हुआ अवंति पार्श्वनाथ तीर्थ पर पहुंचा। जहां आगी अर्पण कार्यक्रम में लाभार्थियों के द्वारा श्री अवंती पार्श्वनाथ भगवान, श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ, श्री आदेश्वर भगवान जी, नाकोड़ा पार्श्व=भैरूजी की चांदी रजत आगी, चांदी थाली, चांदी दीपक, चांदी मंगल दीपक अर्पण किया गया। मूणत ने बताया कि संपूर्ण स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी भेरूलालजी कन्हैयालाल छाजेड़ परिवार रहा। वरघोड़े में ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी के सचिव नरेंद्र जैन दलाल, अशोक भंडारी, अशोक जैन, जयंतीलाल जैन तेलवाले, संजय जैन, छोटे साजन ओसवाल समाज के अध्यक्ष संजय जैन खलीवाले, अभिषेक जैन, प्रनीत जैन, सिद्धार्थ जैन, निहाल जैन, गौतम संघवी सहित बड़ी संख्या में जनसमुदाय मौजूद रहा।

### उज्जैनी सिंहस्थ अमृत मंथन 2028ह्न, संस्कृति, संकल्प, चुनौतियों पर चर्चा

# बाबा महाकाल के सुलभ दर्शन व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, क्राउड, डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे मुद्दे उठे

### अखाड़ों के पंडालो की जानकारी के लिए ऐप या क्यूआर कोड जारी किये जाने का प्रस्ताव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति द्वारा ह्यउज्जैनी सिंहस्थ अमृत मंथन 2028ह्न का आयोजन किया जिसमें उज्जैनी सिंहस्थ 2028 को सफल बनाने के साथ संस्कृति, संकल्प, चुनौतियों पर चर्चा की गई।

सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जनकल्याण समिति अध्यक्ष पं. मनोज रावत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शैलेश आनंद गिरि महाराज, विशेष अतिथि श्री अखिलेश महाराज, डॉ अनिल तिवारी संस्थापक कुलपति स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर, कुलपति महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर, डॉ कपिल जोशी प्रोफेसर उत्तरांचल यूनिवर्सिटी, विरेन्द्र शर्मा सीनियर एडवोकेट, शैल बाला बैरागी विभागाध्यक्ष फैशन इंटीरियर विभाग स्वामी विश्वविद्यालय सागर, निक्की जोशी फाउंडर भैया खबरी लाल वेब पोर्टल, उषा सोनी भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मौजूद रहे। समारोह में संत, महंत, एडवोकेट, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्ध जनों ने मुख्य बिंदुओं पर विचार रखें एवं सुझाव दिये। बाबा महाकाल के सुलभ दर्शन व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, क्राउड मैनेजमेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे मुद्दों पर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। सभी अखाड़ों के पंडालो की जानकारी के लिए ऐप या क्यूआर कोड जारी किया जाए जिससे उन तक पहुंचने में सुविधा हो सके।

### होगी शिव शक्ति परिवार की स्थापना

**उज्जैन।** श्री नृसिंह घाट स्थित शनि मंदिर मंदिर में 19 जनवरी से तीन दिवसीय श्री शिव शक्ति परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ हुआ।

महंत श्री वेदपुरी जी महाराज के अनुसार विश्व कल्याण और राष्ट्र कल्याण हेतु हो रहे इस आयोजन में 19 जनवरी को प्रातः प्रायश्चित, दशविधी, प्रतिमा पूजन वास तरण तारण विधी तथा सायंकाल जल वास भव्य भजन संध्या हुई जिसमें (मोहित गुरु) वसई मण्डली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी। श्री महंत सुंदरपुरी जी पीर जी महाराज, श्री महंत हरिगीरी जी महाराज, श्री महंत मोहन भारती जी महाराज, अष्टकोशल महंत श्री ब्रम्हदेव पुरी जी महाराज, श्री महंत राजेश गुरु त्यागी महाराज के आशीर्वाद से हो रहे इस आयोजन में आज 20 जनवरी को अखण्ड रामायण पाठ दोपहर 12 बजे से होगा।

# श्री दि. जैन सोशल ग्रुप, अरिहंत के नवीन संचालक मंडल का चयन

### 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों का किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री दि. जैन सोशल ग्रुप, अरिहंत की साधारण सभा की बैठक श्री दिगंबर जैन मंदिर परिसर, विनोद मिल पर आयोजित की गई। जिसमें संस्कार, समन्वय एवं सद्भावना का परिचय देने के उद्देश्य से वर्ष 2026 सत्र के नवीन संचालक मंडल का चयन किया गया।

साधारण सभा में सचिव ताराचंद द्वारा वर्ष 2025 में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया एवं कोषाध्यक्ष राकेश चेतना जैन द्वारा आय व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया। सत्र वर्ष 2026 के हेतु चुनाव साधारण सभा में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी महेंद्रकुमार जैन दुग्ध संघ ने प्रस्तावित नामों में अध्यक्ष पद पर सुलोचना रूपेंद्र सेठी, सचिव इंद्रा राकेश बुखारिया, कोषाध्यक्ष संतोष सुरेशचंद जैन के नामों की घोषणा की। ग्रुप सदस्यों द्वारा सवार्नुमति से अनुमोदना की। वर्ष 2025 के परिणय दिवस उपहार का सदस्यों को वितरण किया गया। ग्रुप के वरिष्ठ जिन्होंने अपनी आयु के 75 वर्ष पूर्ण किए ऐसे सदस्य फूलचंद छाबड़ा, अशोक प्रभा जैन, रमेशचंद मित्तल, लखमीचंद जैन, हेमकुमार जैन, ज्ञानचंद जैन, सुरेशचंद जैन एवं डॉ पीसी जैन का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया।

साधारण सभा सुनील बडघारिया की अध्यक्षता में हुई। मंगलाचरण इंद्रा बुखारिया, अलका जैन ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विमलेश जैन ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक विमलचंद बाकलीवाल, फूलचंद्र छाबड़ा, डॉ पीसी जैन, संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र जैन एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष रूपेंद्र सेठी, परामर्शदाता सुरेशचंद जैन, अशोक प्रभा जैन, राकेश बुखारिया, अशोक जैन गुना एवं ग्रुप के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गणों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई दी गई। आभार ताराचंद जैन द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अलका जैन और टीम ने हाऊजी का गेम खिलाया।

# शिप्रा नदी में लगे फव्वारे बंद रेलिंग भी नहीं लगी सुरक्षा के साथ सुंदरता भी उजड़ रही

### शाम को शिप्रा आरती में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महाकाल लोक बनने के बाद से ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में बाहर के श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं और शिप्रा नदी में स्नान करने के बाद वह महाकाल दर्शन करने के साथ ही अन्य देवी देवताओं के भी दर्शन करते हैं। लेकिन पिछले कई दिनों से शिप्रा नदी पर अव्यवस्था फैली हुई है। शिप्रा नदी पर किया गया सौंदर्य करण भी उजड़ता जा रहा है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।पिछले कई दिनों से शिप्रा नदी में लगे फव्वारे बंद पड़े हैं। इस कारण यहां की सुंदरता उजड़ी हुई है।

प्रतिदिन शिप्रा नदी पर बड़ी संख्या में बाहर के यात्री पहुंचते हैं और शाम को होने वाली शिप्रा आरती में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं । ऐसे में शाम को नदी के घाटों पर और भी चहल-पहल देखने को मिलती है। लेकिन पिछले कई दिनों से नदी के अंदर लगे फव्वारे बंद पड़े हैं। इस कारण शिप्रा नदी की सुंदरता खोती जा रही है। जब भी कोई शिप्रा नदी पर बड़ा आयोजन होता है तो यहां की व्यवस्था में सुधार कर दिया जाता है। वहीं नदी के अंदर लगे फव्वारे भी चालू हो जाते हैं। साथ ही फव्वारों के साथ यहां की रंग बिरंगी लाइटिंग भी चालू हो जाती है जिससे रंग बिरंगी रोशनी बिखेरती लाइटिंग आकर्षण का केंद्र बनी रहती है। मोबाइल से सेल्फी लेकर इस सुंदर दृश्य को अपने कमरे में कैद करते हैं । लेकिन पिछले कई दिनों से फव्वारे के साथ ही यहां की गई लाइटिंग भी बंद पड़ी है।

### योजनाएं बनी लेकिन सुधार नहीं

शिप्रा नदी पर स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भी जान जोखिम में है नदी के घाटों पर रेलिंग नहीं होने की वजह से लोगों को नदी की गहराई का पता नहीं चल पा रहा है और वह नहाते समय आगे निकल जाते हैं और डूबने लगते हैं। कुछ घाटों पर अस्थाई व्यवस्था की गई है रेलिंग की जगह रस्सा बांधकर काम चलाओ कार्य किया जा रहा है। जबकि शिप्रा नदी की व्यवस्था सुधारने के लिए अभी तक कई बार योजनाएं बन चुकी है। लेकिन अभी तक यहां की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है।

## खबर एक नजर...

### महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर किया माल्यार्पण

**उज्जैन।** साहस और वीरता के प्रतीक थे राणा, हम नतमस्तक है, उनके आगे, जिनका जीवन एक लंबे संघर्ष में बीता। वे त्याग और संघर्ष के प्रतीक थे। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और मेवाड़ को स्वतंत्र रखने के लिए संघर्ष जारी रखा।

उक्त उद्गार शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर माल्यार्पण करते हुए कहे। संगठन महा सचिव अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर नेता प्रति पक्ष डॉ रवि राय, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, चैन सिंह चौधरी, रहीम लाला, संचित शर्मा, अर्पित यादव, अर्पण राठौर, लक्ष्मीनारायन उपाध्याय, ओम प्रकाश रामी, सत्य नारायण राठौर, सुरेश गेहलोत, असलम भाई चुड़ी वाले, सलीम भाई गैस वाले, इकबाल भाई, इंद्र जीत कुशवाह, दानैश राठी, कृष्णा यादव, कुलदीप जाट, नंदु गेहलोत, अनिकेत सूर्यवंशी, मुकेश गौड़ सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### भाविप का 74वाँ स्वास्थ्य शिविर 22 जनवरी को

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद विक्रमादित्य एवं महाकाल के संयुक्त तत्वावधान में 74वाँ स्वास्थ्य शिविर 22 जनवरी को स्वामी कृष्णगिरी जी महाराज के पावन सानिध्य में बड़नगर रोड स्थित आश्रम पर आयोजित किया जावेगा।

शिविर के संयोजक सुभाष पाठक एवं अजय जोशी कुंडवाला ने बताया कि वेदा हॉस्पिटल उज्जैन के सह्योग से आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी रोगों की निशुल्क जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयां भी दी जावेगी। संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रशांत पाटीदार, मोहन राजवानी एवं वेदा हॉस्पिटल के मैनेजर दीपेश शर्मा ने बताया कि संस्था संरक्षक भगवान शर्मा की अध्यक्षता एवं दीपक राजवानी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर के मुख्य अतिथि वेदा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. समन्वय गोकुलदास रहेंगे। सचिव डॉ. विशाल पाटीदार एवं रवींद्र मूले ने जानकारी दी कि संस्था का मुख्य कार्यक्षेत्र पिछड़ी बस्तियाँ एवं ग्रामीण क्षेत्र है और हमारा सिग्नेचर प्रोजेक्ट स्वास्थ्य है। हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं जिसका लाभ हजारों लोग ले चुके है। संस्था पिछले 73 शिविरों के माध्यम से हजारों मरीजों के परीक्षण के साथ 6500 से अधिक लोगों का निःशुल्क आपरेशन भी करवा चुकी है। डॉ. (कर्नल) जी. व्यास, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. राहुल नागर, डॉ. अजय मंडलोई, डॉ. सी.पी. पाटीदार, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. स्वप्निल पेंडारकर, डॉ. सुरेश समदानी, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. विजय पाटीदार, डॉ. विशाल पाटीदार, डॉ.आशीष दुबे, डॉ. सुरेश बैंडवाल, डॉ. योगेश सर्राफ, डॉ. शरद गोवा, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. हुसैन फ्रीगंजवाला, डॉ. साधना दुबे, डॉ. दीपक फूलवानी, के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का अनुरोध का प्रतीक व्यास, अंशुल कोठालकर, अभिषेक पाटीदार, गिरीश पाठक, संजीव आचार्य ने स्थानीय जनता से किया है।

बिरादरियों की हदों से आगे जाकर शिक्षा के आधार पर जीवन साथी चुनिए।

# ढाई हजार से अधिक मुस्लिम परिवारजन ने जज्बा मुस्लिम ता रूफी जलसा में भाग लिया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बिरादरियों की हदों से आगे जाकर शिक्षा के आधार पर जीवन साथी चुनिए। ये विचार पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने उज्जैन में जज्बा के अखिल भारतीय मुस्लिम युवक युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। आपने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज के इस वैज्ञानिक दौर में मुस्लिम समाज में भी शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है। हम सब एक अल्लाह को मानने वाले हैं, इसलिए सफल वैवाहिक जीवन के लिए बिरादरी की जगह युवक-युवतियों को शिक्षा के आधार पर अपना जीवन साथी चुनना चाहिए। आपने कहा कि जज्बा को




इस तरह के कार्यक्रमों को प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में विस्तार देना चाहिए। आपने आज दुनिया के विभिन्न देशों की परिस्थितियों का जिक्र करते हुए अपील की कि हमें अपने देश पर गर्व करना चाहिए। दुनिया में भारत से अच्छा कोई देश नहीं और हिन्दू से अच्छा कोई दोस्त नहीं हो सकता है। आपने जज्बा मेंबर्स को सुपर 40 का खिताब देते हुए कहा कि आप सब लोग मिलकर मुस्लिम समाज को नई दिशा दे सकते हैं, और इसके लिए मैं आपको बहुत बहुत मुबारक बाद और हर संभव सहयोग का आश्वासन देता हूं। आपने जज्बा की महिला विंग को भी संबोधित किया और उनके कार्यों और सफल संचालन की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि इस तरह के इज्तेमाई आयोजन से व्यक्ति का बहुत समय और खर्च बचता है। आज के दौर में जब लोगों के पास समय का अभाव है तो ये आयोजन ही उनके बच्चों को अच्छे रिश्ते ढूंढने में मदद करते हैं। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल ने विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि जज्बा सोशल फाउंडेशन के कार्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में एक मॉडल के रूप में लिए जाते हैं। आपने कहा कि मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड भी पूरे प्रदेश में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देते हुए उनका भविष्य बनाने में मदद कर रहा है। आपने वक्फ कार्यों का विवरण देते हुए बताया कि मात्र पांच प्रतिशत संसाधनों का सुधार और उपयोग करते हुए वक्फ बोर्ड ने अपनी आय बढ़ाई है

### माधव विज्ञान महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस

**उज्जैन।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता एनआईटीटीटीआर अहमदाबाद से प्रशिक्षित डॉ. धर्मेंद्र तिवारी थे। डॉ. तिवारी ने स्टार्टअप एवं इसे प्रारंभ करने वित्तीय संसाधन जुटाने के संबंध में प्रभावशाली व्याख्यान देकर विस्तार से बताते हुए विद्यार्थियो को स्वरोजगार की ओर ध्यान देकर केन्द्र सरकार और राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं विशेष रूप से स्टार्टअप और स्टैंड अप का लाभ लेने पर जोर दिया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ के पी साहू ने एंटरप्रेन्योरशिप के बारे में विस्तार से बताते हुए उसमें सफल हुए लोगों के बारे में बताया कि किस तरह इस दिशा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल (उज्जैन जिला) डॉ प्रदीप लाखरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के टी पी ओ डॉ श्वेता जैन, समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कुछ हम बदलें, कुछ तुम बदलो, तभी यह जमाना बदलेगा : डॉ. पण्ड्या

**उज्जैन।** राजा दक्ष की नगरी कनखल के वैरागी द्वीप की भूमि पर जब शताब्दी ध्वज लहराया, तो मानो एक युग ने अपने गौरवशाली अतीत को नमन करते हुए नवसंकल्प लिया। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित गायत्री परिवार की संस्थापिका वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी व अखण्ड दीपक के शताब्दी समारोह का शुभारंभ ध्वज वंदन के साथ श्रद्धामय वातावरण में हुआ। यह आयोजन 23 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह शताब्दी समारोह माताजी के तपस्वी जीवन, निःस्वार्थ सेवा और अखंड साधना के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का साक्षात भावात्मक अभिव्यक्ति है। माताजी का संपूर्ण जीवन त्याग, बलिदान और साधना की वह ज्योति है, जिसने असंख्य जीवनों को सही दिशा और नई दृष्टि दी। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार को किसी एक संगठन की सीमाओं में नहीं बाँधा जा सकता, यह उस युग चेतना का वह प्रवाह है, जो व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र के उत्थान की ओर अग्रसर करता है।

# लोकगीत के साथ 150 विद्यार्थियों गाया राष्ट्रगान वंदे मातरम






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के यशस्वी 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संस्कार भारती उज्जैन महानगर द्वारा 18 जनवरी रविवार को शाम 7 बजे पं. सूर्य नारायण व्यास ह्लसंकुलह्ल कालिदास अकादमी में ह्लशत समर्पणह्ल कला उत्सव का आयोजन किया गया।

संस्था के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया की कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ ही आवर्तन कला अकादमी के बच्चों द्वारा अर्चना आपटे तिवारी के निर्देशन मे ध्येयगीत की प्रस्तुती दी गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री भगवतीलाल राजपुरोहित (इतिहासकार) ने की। विशेष अतिथी चेतन सौजित्र (सह प्रांत प्रचारक मालवा प्रांत रास्वसंघ), मुख्य अतिथी विनय यादव (सीईओ,रियलमेकर प्रा.लि. इंदौर), विशिष्ट अतिथी श्रीपाद जोशी सहकोष प्रमुख,संस्कार भारती, राष्ट्रीय कार्यकारिणी) इत्यादी का स्वागत संस्था के पदाधिकारी माया बदेका, गोपाल महाकाल, चंद्रशेखर गुर्जर, रितेश पँवार, नन्दन चावडा ने शाल एवं श्रीफल से किया।

पंडित अभिषेक व्यास (खाचरोद) द्वारा मनमोहक गिटार वादन की प्रस्तुती दी गयी जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।

नगर के लोकगायक रामचंद्र गंगोलिया द्वारा लोकगीतों की छटा बिखेरी गयी, जिसमे भारतीय ग्रामीण संस्कृती के दर्शन हुवे। लोकायन कला केंद्र द्वारा प्रज्ञा गढ़वाल के निर्देशन में लोक नृत्य, प्रतिभा कला केंद्र द्वारा प्रतिभा रघुवंशी एलची के निर्देशन में ह्लध्येयनिष्ठाह्ल (कथक नृत्य), विभावरी नृत्य शाला (इंदौर) द्वारा पूर्वी पांडे के निर्देशन में भरतनाट्यम, त्रिनेत्र संस्कृत संस्थान द्वारा मयूरी शर्मा सक्सेना के निर्देशन में कथक नृत्य, छंदक कला अकादमी (इंदौर) द्वारा सुश्री वैभवी लांडगे के निर्देशन में ओडिसी नृत्य, इत्यादि प्रस्तुतियों ने दर्शकों मन मोह लिया। सभी नृत्यों की प्रस्तुतियों मे रास्वसंघ के गीतों का समावेश किया गया था।

वर्जिन मेरी स्कूल के 150 विद्यार्थियों ने अर्चना आपटे तिवारी के निर्देशन मे राष्ट्रगान ह्लवंदे मातरमह्ल उत्कृष्ट प्रस्तुती दी।

चंद्रिका गुर्जर, दीपाली गोरे एवं समृद्धी गोरे द्वारा रंगोली से भू अलंकरण किया गया। नगर के वरिष्ठ चित्रकार श्रीकृष्ण जोशी के शिष्य तिलकराज सोलंकी द्वारा बनाये गये गुरुजी गोलवलकर का चित्र भी संघ कार्यालय को समर्पित किया गया।

# रस्सी कूद, गुल्ली डंडा जैसे खेलों में दिखाया दम, विजेताओं को गणतंत्र दिवस पर करेंगे पुरस्कृत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन स्पोर्ट्स लायन ऋषिराज अरोड़ा के मार्गदर्शन में माधव क्लब में ऐतिहासिक टर्फ क्रिकेट टूनार्मेंट के साथ ही रस्सी कूद, गुल्ली डंडा सहित कई भारतीय पारंपरिक गेम्स खेले गये।

डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. लायन दीपक राजवानी ने बताया कि सैकड़ो लायंस साथियों की मौजूदगी में हुए क्रिकेट टूनार्मेंट में आनंद निगम,



प्रभात श्रीवास्तव, आराध्या अरोड़ा, डॉक्टर प्रिंस कुशवाह, दो बार घनश्याम मारू, सुनील यादव निकिता महाजन मोना महेश्वरी सहित सभी टीम में मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार तत्काल दिए गए। अन्य पुरस्कार गणतंत्र दिवस पर सभी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा पुरस्कृत खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। यह सभी पुरस्कार श्रीकांत वेशमपायन द्वारा प्रायोजित किए गए। महिला क्रिकेट टीम में श्वेता भार्गव झोन चेयरपर्सन की टीम डायनेमिक विजेता रही। रस्सी गेम, गुल्ली डंडा एवं अन्य पारंपरिक गेम्स के पुरस्कार भी स्वतंत्रता दिवस पर दिए जाएंगे। डिस्ट्रिक सेक्रेट्री लायन सुशील पोरवाल, रीजन चेयरपर्सन लायन प्रदीप यादव, गिरीश जायसवाल, संजय सक्सेना राजेश चौरसि संजय मित्तल, धर्मेंद्र सराफ, सुभाष दुबे सहित झोन चेयरपर्स लायन शैलेंद्र रावल, भूषण नायक, मनीषा अग्रवाल, श्वेता भार्गव, दिनेश राठौर, संजीव गडकरी, संजय शाह एवं सभी क्लबो के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारी के मौजूदगी में यह ऐतिहासिक टूनार्मेंट संपन्न हुए।

### 200 से अधिक दंपति सदस्य की मौजूदगी में हुई अवॉर्ड सेरेमनी

**उज्जैन।** देश के सबसे बड़े दिगम्बर जैन समाज के युवक युवतियों के सोशल ग्रुप वर्धमान ग्रुप का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही उत्साह, जोश, उमंग और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें 200 से अधिक दंपति सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारम्भ संयोजको द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत नृत्य की शानदार प्रस्तुति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महासमिति के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बड़जात्या इन्दौर, विश्व ख्याति प्राप्त विद्वान पण्डित प्रकाश छाबड़ा इन्दौर एवं उज्जैन के प्रसिद्ध उद्योगपति शैलेष कलवाड़िया के साथ वर्धमान के संरक्षक संजय जैन, जिनेन्द्र जैन, स्नेहलता सोगानी, चेयरमैन पंकज रेणु जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# डीपी ज्वेलर्स द्वारा सनातन धर्म के अपमान का मामला गरमाया, न्यायालय ने पुलिस को दिए जांच के निर्देश

### कोर्ट में दायर हुआ निजी परिवाद,कोर्ट ने पुलिस से जांच प्रतिवेदन मांगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

कारपोरेट जगत में शामिल हो चुके रतलाम के डीपी ज्वेलर्स को लेकर अक्सर नए नए विवाद सामने आते रहते है,लेकिन इस बार डीपी ज्वेलर्स द्वारा कंपनी के विज्ञापन में सनातन धर्मावलम्बियों की भावनाओं को आहत करने का मामला चचाओं में है। इस मामले में न्यायालय ने पुलिस को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने बताया कि डीपी ज्वेलर्स ने रतलाम में अपने नए शोरुम का प्रचार करने के लिए प्रकाशित एक विज्ञापन में राम चरित मानस की प्रसिद्ध चौपाई रघुकुल रीत सदा चली आई का दुरुपयोग किया था। डीपी ज्वेलर्स के निदेशकों ने इस चौपाई की दूसरी पंक्ति को बदल कर अपने विज्ञापन के रुप में उपयोग किया था,जिससे सनातन धर्मावलम्बियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई। उल्लेखनीय है कि डीपी ज्वेलर्स का यह कारनामा सोशल मीडीया पर भी काफी छाया रहा था। सोशल मीडीया पर हजारों सनातन धर्मावलम्बियों ने डीपी ज्वेलर्स के इस कृत्य पर नाराजगी का प्रदर्शन किया था।

डीपी ज्वेलर्स के इसी विज्ञापन से आक्रोशित एक सनातनी शांतिलाल मालवीय ने माणकचौक पुलिस डीपी ज्वेलर्स के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया था,परन्तु माणकचौक पुलिस ने श्री मालवीय की शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की। इसके बाद श्री मालवीय ने अपने अभिभाषक प्रदीप सक्सेना के माध्यम से न्यायालय में निजी परिवाद प्रस्तुत किया।

एडवोकेट श्री सक्सेना ने बताया कि डीपी ज्वेलर्स के निदेशकों ने अपने नए शोरुम के उद्घाटन के मौके पर एन दशहरे के दिन ०३ अक्टूबर को अपने विज्ञापन में रामचरित मानस की प्रसिद्ध चौपाई को बिगाडकर ₹रघुकुल रीत सदा चली आई,स्वर्ण से हमेशा सुख समृद्धि घर आई₹ कर दिया था।जबकि रामचरित मानस की वास्तविक चौपाई ₹रघुकुल रीत सदा चली आई,प्राण जाए पर वचन ना जाई₹ थी। चौपाई बिगाड़कर इसके विज्ञापनों के बड़े बड़े होर्डिंग लगाए लगाए गए। यही विज्ञापन अखबारों में भी प्रकाशित करवाए गए। विज्ञापन में रामतरित मानस की चौपाई का इस तरह व्यवसायीकरण करने से सनातन धर्मावलम्बियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई।

एडवोकेट प्रदीप सक्सेना के मुताबिक डीपी ज्वेलर्स के निदेशकों द्वारा अपने व्यावसायिक विज्ञापन में विमर्शित और विद्वेषपूर्ण कार्य,जो किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आशय से दुष्कृत्य किया है। इसके साथ ही किसी व्यक्ति या सनातन समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पंहुचाने के विमर्शित आशय से शब्द उच्चारित करनाभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)की धारा 299एवं धारा 302 के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

एडवोकेट सक्सेना ने बताया कि जब उनके पक्षकार द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की,तब व्यतित होकर उनके पक्षकार ने न्यायालय में डीपी ज्वेलर्स के विरुद्ध निजी परिवाद प्रस्तुत किया। डीपी ज्वेलर्स के समस्त निदेशकों के विरुद्ध जिला न्यायालय की न्यायिक दण्डाधिकारी कनिष्ठ खण्ड सुश्री वैशाली चौहान के न्यायालय में प्रस्तुत इस निजी परिवाद पर न्यायालय ने पुलिस थाना माणक चौक को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने पुलिस को अपना जांच प्रतिवेदन 23 जनवरी को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एडवोकेट श्री सक्सेना के अनुसार, पुलिस द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद न्यायालय द्वारा निजी परिवाद की अगली सुनवाई की जाएगी।



## लायंस क्लब के कैंसर शिविर में 24 मरीजों का परीक्षण

मन्दसौर। लायंस क्लब मन्दसौर और चौधरी परिवार के सहयोग से आयोजित निशुल्क कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण शिविर में 24 मरीजों की जांच की गई। शिविर में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के पूर्व प्रोफेसर डॉ. सनी जैन ने सेवाएं दीं।इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। सीएमएचओ डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने चिकित्सकीय दृष्टिकोण साझा करते हुए समय पर जांच के महत्व पर जोर दिया। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने कहा कि कैंसर मुक्त समाज के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने बताया कि शिविर में 24 मरीजों का परीक्षण किया गया। साथ ही 3 सोनोग्राफी की गई एवं 4 रेडिएशन किये गये। व रियायती दर पर जांचे की गई। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप चेलावत, प्रदीप कीमती, सुरेंद्र नाहटा, मुकेश माहेश्वरी, डॉ. देवेंद्र पुराणिक,जगदीश चौधरी, प्रवीण राठौर, डॉ. सुरेश जैन, डॉ. मजहर हुसैन, हस्तीमल जैन, जितेंद्र मित्तल, नेमकुमार गांधी, डॉ. गोविंद छापरवाल,विजय सुराणा, सुनील बाफना, डॉ. के.सी. श्रीमाल, अनिल धाकड़, सुरेंद्र फरक्या, डॉ. अशोक सोलंकी, गौरव रत्नावत आदि उपस्थित रहे।

# मंदसौर मंडी का गतिरोध समाप्त हुआ, पांच दिन बाद शुरू हुई नीलामी

### लहसुन एवं प्याज की नीलामी एवं तौल कार्य ट्रेक्टर ट्राली में होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



कृषि उपज मंडी मंदसौर में पिछले पांच दिनों से हम्माल और व्यापारियों के बीच चल रहा विवाद सुलझ गया है। सोमवार को जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और दोनों पक्षों की बैठक के बाद मंडी में आज मंगलवार से फिर से नीलामी कार्य पूर्ववत चालू हो जाएगा। पांच दिन तक नीलामी स्थगित रहने से किसानों को भारी मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसके विरोध में कांग्रेस ने भी प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।

सोमवार को जिन किसानों का माल मण्डी में रखा उनकी नीलामी सुबह शुरू हुई उसके पश्चात सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, मण्डी व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज जैन, हम्माल संघ अध्यक्ष दिलीप ग्वाला, किसान संघ अध्यक्ष प्रीतिपालसिंह देवड़ा, जिला पंचायत सीईओ अनुकुल जैन, एसडीओ एसएल शाक्य की उपस्थिति में आयोजित बैठक के बाद विवाद थमा। बैठक में मंडी संचालन को लेकर प्रमुख फैसले लिये गये है अब लहसुन और प्याज की फसल सीधे ट्रॉली में ही नीलाम की जाएगी व उसके बाद व्यापारी के गोदाम पहुंचेगी। जिससे उसे उतारने और चढ़ाने का समय बचेगा। श्री गुर्जर ने बताया कि लहसुन की छंटाई और लोडिंग के लिए हम्माल और व्यापारी मिलकर एक च्ब्लूप्रिंटज्‌ तैयार करेंगे ताकि काम समय पर पूरा हो। पुनः गतिरोध होने पर १५ फरवरी को बैठक आयोजित कर निर्णय लिया जाएगा।

एक ओर जहां समझौता हुआ, वहीं दूसरी ओर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंडी की अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर और विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में कांग्रेस ने मण्डी पहुंचकर प्रदर्शन किया। विधायक जैन ने यहां तक चेतावनी दे दी कि अब मण्डी बंद रही तो उनसे बुरा कोई नहीं होगा और वे हजारों किसानों और कांग्रेसजन के साथ धरने पर बैठ जाएंगे। कांग्रेस ने मांग की कि किसानों से जबरन बारदान मंगवाने और ठेले को धक्का देने जैसी शोषणकारी प्रथाओं पर तुरंत रोक लगे। पांच दिनों के बंद से किसानों और हम्मालों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। मंडी में सफाई, जल निकासी और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का स्थायी समाधान हो। भविष्य में ऐसी अनिश्चितकालीन बंदी की स्थिति दोबारा पैदा न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रकाश रातड़िया, सोमिल नाहटा, इष्टा भाचावत, विकास दशोरा, रूपल संचेती सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब श्री शक्ति द्वारा पिपलियामंडी में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलियामंडी

लायंस क्लब श्री शक्ति, पिपलियामंडी के तत्वावधान में 18 जनवरी 2026 को सरस्वती शिशु मंदिर पिपलियामंडी में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहा, जिसमें बड़ी संख्या में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम चेलावत प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा त्यागी जनरल सर्जन डॉ. अजय व्यास हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्ट जनरल फिजिशियन डॉ. सुशील देवड़ा ,दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. वीणा व्यास, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. तरुण गुप्ता तथा आहार विशेषज्ञ चारू गोयल ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में ईसीजी की जांच पर भी 50 प्रतिशत तक छूट दी गई एवं निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर के दौरान रक्त जांच, मधुमेह, थायरॉयड, किडनी, लिवर, हड्डी, हृदय, दंत एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य से संबंधित जांचें की गईं। शिविर में बेसिक स्क्रीनिंग और फुल बॉडी जांच पैकेज की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसमें संगतानी लैब, पिपलियामंडी द्वारा सभी लैब टेस्ट पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी गई।

## जिला स्तरीय एम पी यूथ गेम्स में 1230 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

मन्दसौर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एम पी यूथ गेम्स का भव्य समापन हुआ। जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि 18 जनवरी से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी, पिट्ठू, क्रिकेट, योगा, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, मलखम्भ, थ्रो बॉल, शतरंज, स्विमिंग, बैडमिंटन, बॉक्सिंग सहित 21 खेलों में जिले के पांचों विकासखण्डों से 1230 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, दक्षिण मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार, अमन फरक्या आदि ने किया था, वहीं समापन समारोह में म.प्र. बेसबॉल संघ उपाध्यक्ष हिम्मत डांगी, अरविन्द सारस्वत, प्रीतेश चावला व अन्य अतिथियों ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। चयनित खिलाड़ी अब संभाग और राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## विद्यार्थियों को सिखाए स्टार्टअप और उद्यमिता के गुर

**मन्दसौर।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में सफल उद्यमियों ने अनुभव साझा किए।

## स्कूलों में 8 मार्च तक महिलाओं के लिए बनवाएं शौचालय- कलेक्टर

मन्दसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि 8 मार्च से पहले ऐसे सभी विद्यालयों में, जहां महिलाओं के लिए शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां शौचालय का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट 8 मार्च से पूर्व प्रस्तुत की जाए। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की गई। अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक 2540 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1238 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्राप्त आवेदनों की प्रॉपर एंट्री सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए घर-घर सर्वे किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि 26 जनवरी से पहले शेड्यूल तैयार कर ग्राम पंचायतों में पेयजल संबंधी कार्यों को शीघ्र हैंडओवर किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों को शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नपा की फुटबाल स्पर्धा में नीमच सिटी व मंडी फुटबॉल क्लब विजयी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच



नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से 15 से 26 जनवरी तक आयोजित गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा में सोमवार 19 जनवरी को राजेन्द्र प्रसाद स्टेडियम में दो मैच खेले गये!प्रथम मैच नीमच सिटी फुटबॉल क्लब व चर्चिल फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, नीमच सिटी फुटबॉल क्लब ने एक तरफा मुकाबले मे 5-0 से विजयश्री हांसिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया! इसी प्रकार दूसरा मैच मंडी व जयसिंहपुरा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया।

जिसमे मंडी फुटबॉल क्लब ने सलीम व विपिन के गोल के सहारे 2-0 से विजय श्री हांसिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए डीएफए पदाधिकारी श्री सत्तार खान एवं श्री शंकर रामवाणी ने बताया कि सोमवार को खेले गये मैच में अतिथि के रूप में अग्रवाल समाज के सचिव श्री अशोक मंगल तथा नगर पालिका की स्वच्छता चैंपियन श्रीमती रितु नागदा, श्रीमती उषा शर्मा आदि ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया!अपने उदबोधन में अतिथि गणों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहां कि देशभर में नीमच फुटबॉल के नाम से जाना जाता है! आज के खिलाड़ी भी पूर्व के खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय स्तर पर नीमच की पहचान कायम करें तथा अपना और परिवार का नाम रोशन करे! कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमोद शर्मा एवं राजेश पप्पू मंगल ने किया! मैच में निर्णायक के रूप में श्री मोहम्मद रईस, मोहम्मद रफीक, श्री राकेश अहीर, श्री अब्दुल सत्तार, फिर रफीक हाशमी, श्री पृथ्वी सिंह चौहान ने सेवाएं प्रदान की! इस अवसर पर वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी श्री प्रहलाद अहीर,श्री मानसिंह चौहान, मोहम्मद रफीक (रफ्फु), श्री विमलेश अहीर,सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी नागरिक उपस्थित थे।

## रणजीत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में हुए उपस्थित

पिपलिया मंडी। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पिपलिया जोधा में महाराणा प्रताप क्रिकेट मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मेंअसंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत उपस्थित हुए। जहां कुं. शक्तावत का खेल प्रेमियों एवं आसपास के ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ गर्म जोशी से स्वागत करते हुए पुष्प माला पहनकर सम्मान किया।





## जियो स्टूडियोज ने जारी किया पब्लिक नोटिस

### अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी की कमाई पर सबसे पहले उनका अधिकार होगा

जियो स्टूडियोज ने फिल्म, मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए एक पब्लिक नोटिस जारी किया है। इसमें अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और फिल्ममेकर अली अब्बास जफर से जुड़े अपने कॉन्ट्रैक्ट अधिकारों को लेकर सावधानी बरतने को कहा गया है।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, यह नोटिस 17 जनवरी 2026 को अतुल मोहन की कम्प्लीट सिनेमा मैगजीन में किंग स्टब्ब एंड कसिवा, एडवोकेट्स एंड अटॉर्नीज के जरिए प्रकाशित किया गया। नोटिस के मुताबिक, 30 सितंबर 2025 से जियो स्टूडियोज, अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और अली अब्बास जफर के बीच हुए बाइंडिंग अरेंजमेंट के तहत जियो स्टूडियोज सभी तरह की मौजूदा और भविष्य की कमाई पर पहला और सर्वोच्च अधिकार रखता है। यह कमाई किसी भी रूप में हो सकती है और उन सभी कॉमर्शियल इंगेजमेंट से जुड़ी है, जिनका जिक्र नोटिस में किया गया है। खास बात यह है कि यह अधिकार सिर्फ जियो स्टूडियोज के साथ बने प्रोजेक्ट्स तक सीमित नहीं है। यह अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और व्यक्तिगत रूप से अली अब्बास जफर से जुड़े सभी मीडिया और एंटरटेनमेंट कामों से होने वाली कमाई पर लागू होता है। इसमें प्रोजेक्ट्स, प्रोडक्शन, कोलेबोरेशन, वेंचर्स और अन्य काम शामिल हैं, चाहे जियो स्टूडियोज उनमें शामिल हो या नहीं। साथ ही, यह दावा उन दूसरी कंपनियों तक भी फैला है, जिनमें एलएलपी के पार्टनर्स या डायरेक्टर्स की हिस्सेदारी है, चाहे वे कंपनियां अभी मौजूद हों या भविष्य में बनाई जाएं। जियो स्टूडियोज, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मीडिया और कंटेंट कंपनी है।

# संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट की रिलीज डेट सामने आई




डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की मच अवेटेड फिल्म स्पिरिट की रिलीज डेट सामने आ गई है। प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर ये फिल्म 5 मार्च 2027 को रिलीज होगी।

फिल्म के मेकर टी-सीरीज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी घोषणा की। उन्होंने एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर पोस्ट किया, जिसके कैप्शन में लिखा था- याद रखें। स्पिरिट 5 मार्च, 2027 को वर्ल्ड वाइड रिलीज होने जा रही है।

**प्रभास-तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म 5 मार्च 2027 को 8 भाषाओं में रिलीज होगी**

वांगा की फिल्म स्पिरिट को आठ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इनमें तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, मैंडरिन, जैपनीज और कोरियन भाषा शामिल है।

फिल्म की रिलीज डेट सामने आते ही फैंस ने भी अपना रिएक्शन देना शुरू किया। कई फैंस ने कमेंट में प्रभास को नंबर 1 पैन इंडिया स्टार बताया। वहीं कुछ ने पोस्ट पर लिखा- इंतजार नहीं कर सकते। कुछ फैंस ने सवालिया अंदाज में कहा कि 2027 बहुत दूर है। इतनी देर से क्यों?

बता दें कि नए साल के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया था। पोस्टर में प्रभास और तृप्ति एक विंडो के पास खड़े दिख रहे हैं। प्रभास लंबे बालों, घनी दाढ़ी और मूंछों के साथ शर्टलेस नजर आ रहे हैं। उनकी बॉडी पर चोट का निशान और कंधे, बांह और पीठ पर कई पट्टियां बंधी हुई हैं। प्रभास के होंठों के बीच एक सिगरेट है और एक हाथ में शराब का गिलास है।

वहीं, तृप्ति हल्के ग्रे रंग की साड़ी में प्रभास के करीब खड़ी नजर आ रही हैं और वो प्रभास का सिगरेट जलाती दिखाई दे रही हैं। तृप्ति का फेस काफी शांत और गंभीर नजर आ रहा है। फिल्म के पहले पोस्टर ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं। प्रभास और तृप्ति का लुक फैंस को काफी पसंद आया था।



## अक्षय कुमार की सिक्योरिटी कार ऑटो से टकराई

### हादसे में दो लोग गंभीर घायल, एक्टर दूसरी कार में पत्नी ट्विंकल के साथ थे

मुंबई के जुहू इलाके में मुक्तेश्वर रोड के पास सोमवार रात करीब 8.30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें अक्षय कुमार की सिक्योरिटी वाली गाड़ी ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो चालक और उसमें सवार एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

घायल ऑटो-रिक्शा ड्राइवर के भाई मोहम्मद समीर ने बताया कि रात करीब 8:30 बजे उनका भाई ऑटो चला रहा था। उसके पीछे अक्षय कुमार की इनोवा कार और एक मर्सिडीज चल रही थीं। तभी मर्सिडीज ने इनोवा को टक्कर मार दी और इनोवा आगे जाकर ऑटो से टकरा गई। इसके बाद ऑटो पलट गया, जिससे उनके भाई और ऑटो में बैठे एक यात्री ऑटो के नीचे फंस गए। ऑटो पूरी तरह टूट गया और उनके भाई की हालत बहुत गंभीर है। समीर ने कहा कि उनकी बस यही मांग है कि उनके भाई का सही इलाज हो और ऑटो को जो नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा दिया जाए। उन्हें इसके अलावा कुछ और नहीं चाहिए।

**एयरपोर्ट से घर लौट रहे थे अक्षय-** बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ विदेश यात्रा के बाद एयरपोर्ट से घर लौट रहे थे। दोनों आगे चल रही दूसरी कार में सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जुहू पुलिस ने मर्सिडीज ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज किया है।

**सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आए-** हादसे का वीडियो भी सामने आया जहां अक्षय की गाड़ी ऑटो के ऊपर पलटी हुई नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर हादसे के कई वीडियोज वायरल हो रहे हैं। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन हादसे में शामिल सभी गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

# डिजाइनर मसाबा पर कंगना के संगीन आरोप

कंगना रनोट ने हाल ही में फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता पर संगीन आरोप लगाए हैं। कंगना ने कहा है कि मसाबा गुप्ता ने राम जन्मभूमि दर्शन में पहुंचने से ठीक अपने लेबल की साड़ी देने से इनकार कर दिया था। जबकि एक्ट्रेस वो साड़ी पहनकर इवेंट के लिए रवाना हो चुकी थीं। कंगना को इससे काफी अपमानित महसूस हुआ, जिसके बाद वो काफी रोई थीं।

कंगना ने हाल ही में ऑफिशियल अकाउंट (पहले ट्विटर) पर इस वाकये का जिक्र करते हुए लिखा है, 'डिजाइनर तब बहुत खुश होते हैं जब उनके कपड़े किसी सेलिब्रिटी पर दिखते हैं। क्या आपने कभी देखा कि मसाबा गुप्ता या उनके ब्रांड ने इन (मेरी) तस्वीरों को इस्तेमाल किया हो? ये तस्वीरें इंटरनेट पर हर जगह थीं। तो फिर उन्होंने इन्हें इस्तेमाल क्यों नहीं किया? या फिर स्टाइलिस्ट ने उन्हें टैग क्यों नहीं किया?'

आगे कंगना ने कहा, 'उन दिनों मेरी फिल्म तेजस रिलीज होने वाली थी, इसलिए मैं राम जन्मभूमि के दर्शन के लिए जाना चाहती थी। मैंने उसी स्टाइलिस्ट से अनुरोध किया, जो मुझे तेजस के इवेंट्स के लिए स्टाइल कर रही थीं कि वे दर्शन यात्रा में भी मेरी मदद कर दें। (डिजाइनर को प्रोडक्शन हाउस ने हायर किया था)। मुझे इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि कई स्टाइलिस्ट और डिजाइनर मुझे अपने सोशल मीडिया हैंडल्स से बैन कर चुके हैं, लेकिन यह घटना मुझे सबसे ज्यादा दुख पहुंचा गई।'


**कहा- राम जन्मभूमि दर्शन में साड़ी देने से इनकार किया, सोचकर दिल घबरा जाता है, इतनी कड़वाहट-नफरत**



आखिरी में कंगना ने कहा, 'मसाबा ने प्रमोशन्स के लिए कपड़े स्टाइलिस्ट को भेजे थे, लेकिन जैसे ही उन्हें बताया गया कि यह राम जन्मभूमि के लिए है, उन्होंने स्टाइलिस्ट से कह दिया कि उनके कपड़े इस्तेमाल न किए जाएं। स्टाइलिस्ट एक बहुत ही अच्छी और सच्ची महिला हैं। उन्हें बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई और उन्होंने चुपचाप मुझसे कहा कि मैं मसाबा या उनके ब्रांड को टैग न करूं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने वह साड़ी अपनी पैसों से खरीद ली है, ताकि मुझे बुरा न लगे। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।' 'मैं तैयार हो चुकी थी और राम जन्मभूमि के लिए निकल भी चुकी थी। यह सब समझना मेरे लिए बहुत भारी था। इतनी नफरत, इतनी कड़वाहट, इतना पूर्वाग्रह, उफ, कितना बदसूरत। आज भी यह सब सोचकर मेरा दिल घबरा जाता है और तबीयत खराब सी हो जाती है।'

### इससे पहले भी कंगना ने मसाबा पर लगाए आरोप


- कंगना का ये बयान तब सामने आया है, जब हाल ही में एआर रहमान ने कहा कि सांप्रदायिक कारणों से उन्हें बॉलीवुड में काम नहीं मिलता। कंगना ने एआर रहमान के बयान की आलोचना की और कहा कि उनके साथ भी इंडस्ट्री में भेदभाव होता रहा है। एआर रहमान ने भी इमरजेंसी के लिए उनसे मिलने तक से इनकार कर दिया था।
- इसके साथ ही कंगना ने मसाबा गुप्ता पर पर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था, 'बड़े-बड़े डिजाइनर, जो कभी मुझे अपना कलेक्शन लॉन्च करने के लिए फ्री फंड जैसे कैंपेन में गिड़गिड़ाते थे और खुद को मेरा सबसे अच्छा दोस्त बताते थे, बाद में मेरे स्टाइलिस्ट को कपड़े देने से मना कर देते थे। फिर उन्होंने मुझसे बात करना भी बंद कर दिया और मेरे बारे में पोस्ट करना भी। लेकिन एक घटना मैं कभी नहीं भूल सकती। जब मैं राम जन्मभूमि के लिए मसाबा गुप्ता की साड़ी पहन रही थी, तो उन्होंने स्टाइलिस्ट से कह दिया कि मैं उनकी साड़ी में राम जन्मभूमि नहीं जा सकती।'
- आगे कंगना ने कहा, 'मैं तब तक लखनऊ से अयोध्या के लिए निकल चुकी थी, इसलिए कपड़े बदलना संभव नहीं था। मुझे इतना अपमानित और नीचा महसूस हुआ कि मैं चुपचाप अपनी कार में बैठकर रो पड़ी। बाद में, दूसरे डिजाइनरों की तरह, उन्होंने स्टाइलिस्ट से कह दिया कि आगे से उनका या उनके ब्रांड का नाम न लिया जाए।' कंगना के आरोपों पर अब तक मसाबा गुप्ता का कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है।



### ओलिंपिक मेडलिस्ट अमन जीते, टीम हारी, तपस्या गहलावत ने किया क्लीन स्वीप

# अंतिम पंघाल की टीम ने मुंबई को 7-2 से हराया

ब्रह्मास्त्र ›› झज्जर




पीडब्ल्यूएल में हरियाणा के रेसलर्स की धमाकेदार परफॉर्मेंस देखने को मिल रही है। महिला 53 किग्रा वर्ग में दो बार की अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियन अंतिम पंघाल ने दमदार जीत हासिल की। जबकि पेरिस 2024 ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल के लिए शानदार प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। हालांकि अपनी जीत के साथ वे टीम की हार को नहीं बचा पाए।

यूपी डोमिनेटर्स ने शनिवार शाम नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो रेसलिंग लीग 2026 के चौथे मैच में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 7झ2 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता जस पूरन सिंह को उनके संयमित हैवीवेट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**मेरी प्रतिद्वंद्वी मजबूत थी–** मैच के बाद जीत दर्ज करने वाली यूपी डोमिनेटर्स की कप्तान हरियाणा के हिसार जिले की रहने वाली अंतिम पंघाल ने कहा, मेरा बाउट अच्छा रहा, मेरी प्रतिद्वंद्वी मजबूत थीं और मुकाबला कड़ा था। मैंने अपनी तैयारी के अनुसार ही रणनीति को अंजाम दिया, हालांकि हर मैच के बाद सुधार की गुंजाइश रहती है। कप्तान के तौर पर हम टॉस के किसी भी नतीजे के लिए तैयार थे। सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला और टीम ने मिलकर यह शानदार जीत हासिल की।

**मेरी जीत हुई, लेकिन टीम पर दबाव महसूस–** पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स के कप्तान और फाइटर ऑफ द मैच अमन सहरावत ने कहा कि हम इस मुकाबले में स्पष्ट उम्मीदों के साथ उतरे थे और व्यक्तिगत रूप से मेरा बाउट योजना के मुताबिक रहा। लेकिन टीम के रूप में हम उस स्तर तक नहीं पहुंच पाए जिसकी हमें उम्मीद थी। यह हमारा पहला मैच था और बड़े दर्शक वर्ग का दबाव भी महसूस हुआ।

हमें अपनी प्रमुख भार श्रेणियों पर पूरा भरोसा था, लेकिन आज हमारा दिन नहीं था। हम आगे के मैचों में मजबूत वापसी करेंगे।

**अमन की जीत से खुला टीम का खाता–**टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स को पहला अंक कप्तान अमन सहरावत ने दिलाया, जिन्होंने सागर शर्मा के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के साथ शानदार जीत दर्ज की। हालांकि, यह वापसी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी, क्योंकि 53 किग्रा महिला वर्ग में अंतिम पंघाल ने दूसरे पीरियड में आक्रामक खेल दिखाते हुए तकनीकी श्रेष्ठता से मुकाबला जीत लिया और यूपी डोमिनेटर्स के लिए मैच और दो अंक पक्के कर दिए।

**जूनियर वर्ल्ड चैंपियन ने किया क्लीन स्वीप–** इसके बाद निशा दहिया ने फॉल के जरिए जीत हासिल की, जबकि झज्जर की रहने वाली तपस्या गहलावत ने 9-0 की एकतरफा जीत दर्ज कर बढ़त को और बढ़ाया। तपस्या गहलावत ने पिछले साल जूनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप जीतकर विदेश की धरती पर देश का परचम लहरा चुकी है।

# शुभमन रणजी ट्रॉफी का दूसरा राउंड खेलेंगे




### 22 जनवरी को सौराष्ट्र से मुकाबला रवींद्र जडेजा भी शामिल हो सकते हैं


ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टीम इंडिया के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल रणजी ट्रॉफी का दूसरा राउंड खेलते नजर आएंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक गिल इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे खेलने के बाद राजकोट जाने वाले हैं। जहां उनकी होम टीम पंजाब को सौराष्ट्र के खिलाफ लीग स्टेज में अपना छठा मैच खेलना है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी इस मुकाबले में सौराष्ट्र से खेल सकते हैं।

22 जनवरी को शुरू होगा मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर वनडे के बाद शुभमन सोमवार सुबह टीम के कुछ प्लेयर्स के साथ दिल्ली पहुंचे। यहां से वे राजकोट के लिए फ्लाइट में बैठे। पंजाब को ग्रुप-बी में 22 जनवरी को होम टीम सौराष्ट्र से भिड़ना है। टीम की कप्तानी नमन धीर करेंगे। ग्रुप-बी में पंजाब के 2 ही मैच बचे हैं, टीम को सौराष्ट्र के बाद 29 जनवरी से कर्नाटक के खिलाफ भिड़ना है। टीम को नॉकआउट राउंड में जगह बनाने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने ही होंगे। गिल ने आखिरी रणजी मुकाबला पिछले सीजन कर्नाटक के खिलाफ खेला था। पंजाब क्रिकेट ने कन्फर्म किया पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्र ने क्रिकबज को बताया, 'गिल रणजी ट्रॉफी खेलने वाले हैं, वे सौराष्ट्र के खिलाफ खेलते नजर आएंगे।

# विदर्भ ने पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी जीती

### सौराष्ट्र को 38 रन से फाइनल हराया, अथर्व तायडे का शतक, यश ठाकुर को 4 विकेट




ब्रह्मास्त्र ›› दुबई

विदर्भ ने पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। टीम ने रविवार को बेंगलुरु में सौराष्ट्र को 38 रन से फाइनल हराया। विदर्भ से अथर्व तायडे ने शतक लगाया, उन्होंने 128 रन बनाए। वहीं यश ठाकुर ने 4 विकेट लिए। सौराष्ट्र से प्रेरक मांकड़ और चिराग जानी ने फिफ्टी लगाई।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में पहले बैटिंग करते हुए विदर्भ ने 317 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की टीम 279 रन ही बना सकी। विदर्भ विजय हजारे ट्रॉफी का टाइटल जीतने वाली 13वीं टीम बनी। टीम पिछले साल कर्नाटक के खिलाफ फाइनल हार गई थी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 317 रन बनाए। टीम के लिए अथर्व तायडे ने शानदार शतक लगाया, जबकि यश राठौड़ ने 54 रन की पारी खेली। तायडे ने 97 गेंदों में शतक पूरा किया, उन्होंने 118 गेंदों पर 128 रन की पारी खेली, जिनमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। यह इस साल के टूनार्मेंट में उनका पहला शतक रहा, जबकि लिस्ट ए क्रिकेट में उन्होंने तीसरी बार शतक जमाया। तायडे ने 42 लिस्ट ए मैच खेले और उनके नाम 9 अर्धशतक भी दर्ज हैं। सेमीफाइनल में शतक लगाने वाले अमन मोखाड़े ने 33 रन बनाए। रविकुमार समर्थ ने 25, मोहम्मद फैज ने 19, कप्तान हर्ष दुबे ने 17 और दर्शन नालकंडे ने 14 रन बनाए। सौराष्ट्र की गेंदबाजी में अंकुर पंवार सबसे सफल रहे, उन्होंने 4 विकेट झटके। चेतन सकारिया और चिराग जानी को 2-2 विकेट मिले। बड़े टारगेट के सामने सौराष्ट्र की शुरूआत खराब रही। टीम ने 30 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। कप्तान हार्विक देसाई 20 और विश्वराज जडेजा 9 रन बनाकर आउट हो गए।

# इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया



ब्रह्मास्त्र ›› हरारे

अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप में 3 मुकाबले खेले गए। इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। वहीं 2016 की चैंपियन वेस्टइंडीज को अफगानिस्तान से ग्रुप स्टेज में हार का सामना करना पड़ गया। न्यूजीलैंड और अमेरिका के बीच तीसरा मुकाबला बेनतीजा रहा।

28 ओवर में जीता इंग्लैंड हरारे में होम टीम और इंग्लैंड के बीच ग्रुप-सी का मुकाबला खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे ने 9 विकेट खोकर 208 रन बनाए। कप्तान सिम्बाराशे मुद्जेन्गेरेरे ने 45, ततेंदा चिमुगोरो ने 30, ध्रुव पटेल ने 36 और कियान ब्लिग्नॉट ने 33 रन बनाए। इंग्लैंड से मैनी लम्सडन ने 3 विकेट लिए। राल्फी अल्बर्ट और फरहान अहमद को 2-2 विकेट मिले। ल्युक हैंड्स और एलेक्स फ्रेंच ने 1-1 विकेट लिया। 209 रन के सामने इंग्लैंड ने पहले पावरप्ले में 2 विकेट गंवा दिए। बेन डॉकिंस 11 और जोसेफ मूरेस 19 रन बनाकर आउट हो गए। बेन मेयर्स और कप्तान थोमस रीऊ ने फिर सेंचुरी पार्टनरशिप की और 28 ओवर में टीम को जीत दिला दी। रीऊ 86 और मेयर्स 77 रन बनाकर नॉटआउट रहे। जिम्बाब्वे से शेल्टन माज्वितोरेरा ने दोनों विकेट लिए।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

भारत सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार

## विदेशी ब्रांड उठा रहे पीएलआई जैसी योजनाओं का ज्यादा लाभ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत दुनिया का बड़ा उपभोक्ता बाजार और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी फैक्टरी बन चुका है। लेकिन उत्पादन बढ़ने के बावजूद पीएलआई जैसी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा विदेशी ब्रांड उठा रहे हैं। सवाल यह है कि अगर स्वदेशी कंपनियां पीछे रहीं, तो भारत का विनिर्माण भविष्य किसके हाथ में होगा?

मोदी सरकार ने भारत को सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार के साथ दुनिया की दूसरी बड़ी फैक्टरी भी बना दिया है। स्वदेशी जैसे लक्ष्य को पाने में मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) समेत अन्य योजनाओं ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन, इनका ज्यादा फायदा विदेशी ब्रांड उठा रहे हैं। स्वदेशी कंपनियां दौड़ में पीछे हो रही हैं। सरकार की कोशिशों का ही नतीजा है कि भारत उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और स्मार्टहोम अप्लायंसेज के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बन गया है। यह बाजार उपभोक्ता के साथ विक्रेता के रूप में भी स्थापित हो चुका है। 2014-15 में मोबाइल का घरेलू उत्पादन महज 18,000 करोड़ रुपये का था, जो 2024-25 में 28 गुना बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। इसमें सबसे बड़ी भूमिका पीएलआई की रही है। आंकड़े यह भी बताते हैं कि इस योजना का सबसे ज्यादा लाभ विदेशी ब्रांडों को मिला है। स्वदेशी कंपनियां इन योजनाओं का उतना बेहतर तरीके से लाभ नहीं उठा पातीं। यह सब बौद्धिक संपदा और ब्रांडों के तहत हो रहा है, जिनका मालिकाना हक भारत के पास नहीं है। इसका मतलब है कि ये भविष्य सुरक्षित नहीं हैं, क्योंकि ये बहुराष्ट्रीय कंपनियां बेहतर लागत मिलने पर अन्य देशों की ओर अपनी विनिर्माण क्षमता मोड़ सकती हैं।

# ईयू व्यापार समझौते से कपड़ा, फार्मा-केमिकल निर्यात को मिलेगा बढ़ावा, 27 जनवरी को अहम घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईयू व्यापार समझौते से कपड़ा, फार्मा व केमिकल निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे में 27 जनवरी को समझौते के बातचीत के निष्कर्ष की घोषणा हो सकती है।

भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते से वस्त्र, फार्मा, केमिकल, इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषणों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। समझौते के लिए बातचीत के निष्कर्ष की घोषणा 27 जनवरी को होने की संभावना है। उद्योग का अनुमान है कि मुक्त व्यापार समझौते के कारण टैरिफ चरणबद्ध तरीके से समाप्त होने से अगले तीन वर्षों में यूरोपीय संघ को निर्यात दोगुना हो जाएगा।

निर्यातकों ने कहा, मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हमें एक स्थिर और पूर्वानुमानित ढांचा प्रदान करेगा। इससे भारतीय कंपनियां लंबे समय के निवेश की योजना बना सकेंगी। यूरोपीय मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत हो सकेंगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद बाजार तक पहुंच सुरक्षित कर सकेंगी। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने कहा, यह एफटीए किसी एक बाजार पर हमारी निर्भरता को कम करने के मामले में गेम चेंजर साबित होगा। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ बहुत अधिक होने के कारण घरेलू निर्यातकों को एक प्रमुख बाजार में उच्च लागत और कम प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जो भारतीय निर्यातकों को निर्यात बाजार में विविधता लाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

शक्तिवेल ने कहा, समझौते के दौरान लगातार हुई वार्ताओं में उन क्षेत्रों पर जोर दिया गया है जहां यूरोपीय संघ में भारत की निर्यात उपस्थिति मजबूत है। वस्त्र और परिधान, फार्मा, इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद और केमिकल इन चर्चाओं के केंद्र में हैं। यूरोपीय संघ में वस्त्र और परिधान पर वर्तमान में 12-16 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है। इससे भारतीय वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो जाती है। यूरोपीय संघ में तैयार वस्त्रों पर औसत आयात शुल्क 12 प्रतिशत है। यह यूरोपीय संघ की सामान्यीकृत वरीयता योजना (अब डीसीटीएस) के तहत भारत को मिलने वाली तरजीही पहुंच के कारण 9.6 प्रतिशत के बराबर हो जाता है।

**घरेलू चमड़ा उद्योग उठाए लाभ-** कानपुर स्थित ग्रोमॉर इंटरनेशनल के एमडी यादवेंद्र सिंह सचान ने कहा, घरेलू चमड़ा निर्यातकों को इस अवसर का लाभ उठाकर निर्यात में तेज वृद्धि करनी चाहिए। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा, अमेरिकी टैरिफ में भारी वृद्धि से निर्यात के विभिन्न क्षेत्रों पर असर पड़ रहा है। यह निर्यात बाजारों और व्यापार रणनीतियों के विविधीकरण की जरूरत को दिखाता है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच ब्राजील और नाइजीरिया भारतीय दवा कंपनियों के लिए प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, नाइजीरिया सबसे तेजी से बढ़ते गंतव्यों में से एक बनकर उभरा है। इसने चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में निर्यात में 17.9 करोड़ डॉलर की वृद्धि दर्ज की और कुल निर्यात वृद्धि में 14 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया।



### बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक ईयू

यूरोपीय संघ भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। यह भारत के माल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत और सेवाओं के व्यापार में महत्वपूर्ण हिस्सा रखता है। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, यूरोपीय संघ के साथ टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने से अन्य जगहों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में टैरिफ दबावों के विपरीत प्रभावों को आंशिक रूप से कम किया जा सकेगा। इससे भारत की वैश्विक व्यापार उपस्थिति मजबूत होगी। इस समझौते से लाभान्वित होने वाले प्रमुख सेवा क्षेत्रों में आईटी, कानूनी सेवाएं, परामर्श, लेखांकन और प्रबंधन शामिल हैं। भारत और यूरोपीय संघ के बीच द्विपक्षीय माल व्यापार 2024-25 में लगभग 136.5 अरब डॉलर था।

### सभी व्यापारिक समझौतों की होगी जननी

भारत 27 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस समारोह और 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के लिए यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में एक ऐसे समझौते की नींव रखी जा रही है जो इस दशक के सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौतों में से एक बन सकता है। यदि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन की यात्रा के दौरान यह समझौता संपन्न हो जाता है, तो लंबे समय से लंबित भारत-यूरोपीय संघ एफटीए न केवल दोनों साझेदारों के लिए बल्कि वैश्विक व्यापार प्रणाली के लिए भी एक रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक मोड़ साबित होगा। यह अब तक के सभी समझौतों की जननी होगी।



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इ९ वस्त्रींइी२ः रुपया एक महीने में दूसरी बार 91 से नीचे, पीएनबी को 5,100 करोड़ रुपये का फायदा
बिजनेस डेस्क, अमर उजाला। ढ४ु'शँ्िट८ः निर्मल कांत वस्त्रींइी ळ४ी, 20 खंल्ल 2026 07:15 अट क्रळ
इ४२ल्ली२२ वस्त्रींइी२ ल्लँल्लि ढ१ज्ञ३२ रँी टं१ी३
वरऊक्कफश'४ी उङ्गी१ू ळ१ीी केस्त्रङ्ग१३ ए७स्त्रङ्ग१३
ळल्ल्रि
शेयर बाजार, कारोबार और वाणिज्य जगत की अहम खबरें - फोटो : अमर उजाला ग्राफिक्स
फ़ींइ३ङ्गल्ल२

डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 12 पैसे टूटकर 90.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91 के नीचे पहुंच गया था।?वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच विदेशी मुद्रा निकासी में तेजी से घरेलू मुद्रा दबाव में रही। एक महीने में यह दूसरा मौका है, जब रुपया 91 के नीचे पहुंच गया।?अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.68 के स्तर पर खुला।
ळ१ील्ल्ल्लिॉ श्रींङ्ग२
पीएनबी को 5,100 करोड़ रुपये का फायदा
खराब कर्जों में कमी से पंजाब नेशनल बैंक को दिसंबर तिमाही में 5,100 करोड़ का लाभ हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। बैंक के एमडी-सीईओ अशोक चंद्र ने बताया, बैंक का का सबसे अधिक तिमाही लाभ है। हमारा लक्ष्य हर तिमाही में 5,000 करोड़ से अधिक शुद्ध लाभ हासिल करना है। एनपीए घटकर 3.19 फीसदी रहा। कारोबार 28.91 लाख करोड़ रुपये रहा।

विज्ञापन

आईआरएफसी को 1,802 करोड़ का लाभ

डीजीसीए का कड़ा प्रहार: दिसंबर संकट के लिए शीर्ष प्रबंधन पर गिरी गाज

# इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो पर डीजीसीए ने लगाया 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना। दिसंबर में फ्लाइट्स रद्द होने पर मैनेजमेंट पर गिरी गाज। पढ़ें कार्रवाई और यात्रियों को मिले रिफंड की पूरी जानकारी।

भारतीय विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई की है। दिसंबर 2025 में बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने और देरी के मामले में नियामक ने एयरलाइन पर 22.20 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। एयरलाइन को डीजीसीए के पक्ष में बैंक गारंटी देने को कहा गया है। डीजीसीए ने इंडिगो पर न केवल वित्तीय दंड लगाया है, बल्कि एयरलाइन के शीर्ष प्रबंधन को कड़ी फटकार भी लगाई है। इसमें सीईओ को चेतावनी और एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष को परिचालन जिम्मेदारी से हटाने का निर्देश शामिल है।

यह कार्रवाई 3 से 5 दिसंबर 2025 के बीच इंडिगो की उड़ानों में आई भारी बाधा के बाद की गई है। इस दौरान एयरलाइन की 2,507 उड़ानें रद्द हुई और 1,852 उड़ानों में देरी हुई, जिससे हवाई अड्डों पर 3 लाख से अधिक यात्री फंस गए थे। डीजीसीए द्वारा गठित चार सदस्यीय जांच समिति ने पाया कि यह संकट संसाधनों के 'ओवर-ऑप्टिमाइजेशन' (अत्यधिक उपयोग) का परिणाम था। रिपोर्ट के अनुसार, एयरलाइन ने क्रू और विमानों के उपयोग को अधिकतम करने के चक्कर में बफर मार्जिन (सुरक्षात्मक समय सीमा) को खत्म कर दिया था। इसके अलावा, सिस्टम सॉफ्टवेयर में कमियां और विनियामक तैयारियों का अभाव भी इस अव्यवस्था के प्रमुख कारण माने गए।

सबसे सख्त कार्रवाई सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (ओसीसी- ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर) के खिलाफ की गई है। डीजीसीए ने निर्देश दिया है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से उनकी वर्तमान परिचालन जिम्मेदारियों से मुक्त किया जाए और कोई भी जवाबदेह भूमिका न सौंपी जाए। इसके अलावा, फ्लाइट ऑपरेशंस के डिप्टी हेड और क्रू रिसोर्स प्लानिंग के एवीपी को भी चेतावनी जारी की गई है।



### कुल 22.20 करोड़ रुपये के जुर्माने में दो प्रमुख घटक शामिल हैं-

- **प्रणालीगत उल्लंघनः** नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के उल्लंघन के लिए 1.80 करोड़ रुपये का एकमुश्त जुर्माना।
- **एफडीटीएल मानदंडों का उल्लंघनः** संशोधित उड़ान कर्तव्य समय सीमा मानदंडों के पालन में निरंतर विफलता के लिए 68 दिनों तक प्रति दिन 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, जो कुल 20.40 करोड़ रुपये बनता है।
- **शीर्ष प्रबंधन पर कार्रवाईः** एसवीपी को हटाने का आदेश डीजीसीए ने एयरलाइन के प्रबंधन संरचना में खामियों को गंभीरता से लिया है। नियामक ने इंडिगो के सीईओ को परिचालन की अपर्याप्त निगरानी के लिए चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही, सीओओ (अकाउंटेबल मैनेजर) को भी चेतावनी दी गई है।

सोने-चांदी की कीमतों में जारी रहेगी तेजी

# निवेशकों की नजर अगली नीतियों और वैश्विक डेटा पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सोने और चांदी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। एमसीएक्स पर सोना 1,43,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,92,960 रुपये प्रति किलो तक पहुंची। सुरक्षित निवेश की मांग, डॉलर कमजोर होना और वैश्विक अस्थिरता कीमतें बढ़ाने में मदद कर रही हैं। अगले सप्ताह सोना 1,46,000 और चांदी वरउ 100 प्रति औंस के करीब जा सकती है।

सोने और चांदी की कीमतें लगातार उछाल पर हैं। इतना ही नहीं विश्लेषकों का तो यह भी मानना है कि आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतें ऊपर की ओर बढ़ सकती हैं, जबकि चांदी में कुछ समेकन देखने को मिल सकता है। यह तेजी मुख्य रूप से निवेशकों के सुरक्षित निवेश की मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में छूट की उम्मीद से जुड़ी है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशकों की नजर मुख्य वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर होगी, जैसे कि प्रमुख देशों में महंगाई, जीडीपी वृद्धि, पीसीई इंडेक्स, पीएमआई और बेरोजगारी के आंकड़े।

इससे फेड की नीतियों के रुख को लेकर संकेत मिलेंगे। चीन के आर्थिक आंकड़े भी धातु बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाषण और सुप्रीम कोर्ट का व्यापार पर फैसला भी बाजार को प्रभावित कर सकता है।

**एमसीएक्स पर सोना की कीमत में उछाल-** बता दें कि एमसीएक्स पर सोना पिछले सप्ताह 2.7% बढ़कर 143590 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। यह वृद्धि आंशिक रूप से डॉलर के मुकाबले कमजोर रुपये और ईरान की जियोपॉलिटिकल स्थिति से प्रेरित थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना यूएसडी 4595 प्रति औंस पर बंद हुआ, जबकि हफ्ते में यह यूएसडी 4650.50 तक भी पहुंचा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले सप्ताह में सोना एमसीएक्स पर 146000 रुपये प्रति 10 ग्राम और वैश्विक बाजार में यूएसडी 4750 प्रति औंस तक जा सकता है।

## जिम्मेदारी : नितिन नवीन के पार्टी अध्यक्ष बनने की औपचारिकताएं पूरी, ऐलान

### भाजपा में अब नवीन युग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में सोमवार को सिर्फ नितिन नवीन के पक्ष में नामांकन दाखिल किए गए। सभी नामांकन सही पाए जाने के बाद उनके अध्यक्ष बनने की औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। औपचारिक घोषणा मंगलवार सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में की जाएगी। इसी के साथ पार्टी में नवीन युग की शुरुआत होगी।

भाजपा के संगठन पर्व यानी संगठन चुनाव के अंतिम चरण में पार्टी अध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। 45 वर्षीय नितिन नवीन के पक्ष में 37 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। पहला नामांकन भाजपा संसदीय दल की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के हस्ताक्षर के साथ दाखिल किया गया। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, नितिन गडकरी और पीयूष गोयल सहित कई नेताओं ने यह नामांकन चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण को सौंपा।

संगठन कार्यक्रम के अनुसार, नितिन नवीन के अध्यक्ष निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा मंगलवार सुबह होगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। योगी समेत कई सीएम ने किए नामांकन : विभिन्न राज्यों की ओर से भी नितिन नवीन के समर्थन में नामांकन दाखिल किए गए। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, राजस्थान के भजनलाल शर्मा और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं ने नामांकन के सेट दाखिल किए।

36 नामांकन विभिन्न प्रदेशों से : चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने बताया कि 37 में से 36 नामांकन विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए। भाजपा शासित 30 राज्यों में संगठन चुनाव पूरे हो चुके हैं और वहां से ये प्रस्ताव मिले हैं। जिन राज्यों में संगठन चुनाव नहीं हुए हैं, वहां के नेताओं ने अन्य राज्यों के निर्वाचित प्रस्तावकों के साथ मिलकर नामांकन दाखिल किए।

### पोलैंड हमारे पड़ोस में आतंक को बढ़ावा न दे:

# डिप्टी पीएम से मुलाकात में उनके कश्मीर पर दिए बयान पर जयशंकर आपत्ति जताई

### जयशंकर बोले- भारत को अलग-थलग करके निशाना बनाना गलत

### बैठक में व्यापार, निवेश और रक्षा-सुरक्षा पर चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को पोलैंड को कड़ा और साफ संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अपनाएं। भारत के पड़ोस में किसी भी तरह के आतंकी ढांचे को बढ़ावा नहीं दें। जयशंकर ने यह बयान नई दिल्ली में पोलैंड के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की से बातचीत के दौरान दिया।

सिकोर्स्की ने अक्टूबर में पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस दौरान वहां के विदेश मंत्री इशाक डार के साथ जारी संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र किया गया था, जिस पर भारत ने आपत्ति जताई।

जयशंकर ने यूक्रेन संकट को लेकर भारत पर हो रही द्वाचयनात्मक और अनुचित आलोचनाह पर भी नाराजगी जताई। दरअसल पश्चिमी देशों की ओर से रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों को लेकर भारत की आलोचना की जा रही है। रादोस्लाव सिकोर्स्की ने भी यूक्रेन मुद्दे पर भारत को लेकर की जा रही आलोचना को अनुचित और चयनात्मक बताया और इस पर जयशंकर से सहमति जताई। बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा-सुरक्षा, स्वच्छ तकनीक और डिजिटल नवाचार में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। जयशंकर ने बताया कि भारत-पोलैंड द्विपक्षीय व्यापार करीब लगभग ?58,100 करोड़ तक पहुंच चुका है, जो पिछले एक दशक में लगभग 200% बढ़ा है।




### जयशंकर ने याद दिलाई डोग्री महाराजा की मदद

जयशंकर ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलिश बच्चों को शरण देने वाले द्वाडोग्री महाराजाह (महाराजा दिग्विजय सिंह जी रणजीत सिंहजी जडेजा) को भी याद किया और इसे दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों के रिश्तों की मजबूत कड़ी बताया।

### पोलैंड ने पाकिस्तान से डिफेंस समेत कई समझौते किए

पोलैंड के उप प्रधानमंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान दौरे पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ कई समझौते किए थे।दोनों देश ने तय किया था व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, रक्षा, आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई, विज्ञान एवं तकनीक और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे।

इशाक डार ने बताया था कि पाकिस्तान और पोलैंड के रिश्ते लगातार आगे बढ़ रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार एक अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है और व्यापार व आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं।



उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने दक्षिण एशिया, अफगानिस्तान, यूरोप और मध्य पूर्व के हालात पर भी बात की।

इशाक डार ने पोलिश प्रतिनिधिमंडल के सामने जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख का दोहराया और कहा कि इस मुद्दे का हल कश्मीरी लोगों की इच्छा और यूएन के प्रस्तावों के मुताबिक होना चाहिए। इस मौके पर पोलैंड के उप प्रधानमंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की ने कहा था कि उनका देश व्यापार, सार्वजनिक वित्त, फिनटेक और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की पेशकश कर रहा है।

## मुंबई- अक्षय कुमार की सिक्योरिटी कार ऑटो से टकराई



### हादसे में दो लोग गंभीर घायल; एक्टर दूसरी कार में पत्नी ट्विंकल के साथ थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के जुहू इलाके में मुक्तेश्वर रोड के पास सोमवार रात करीब 8.30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें अक्षय कुमार की सिक्योरिटी वाली गाड़ी ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो चालक और उसमें सवार एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया घायल ऑटो-रिक्शा ड्राइवर के भाई मोहम्मद समीर ने बताया कि रात करीब 8:30 बजे उनका भाई ऑटो चला रहा था। उसके पीछे अक्षय कुमार की इनोवा कार और एक मर्सिडीज चल रही थीं। तभी मर्सिडीज ने इनोवा को टक्कर मार दी और इनोवा आगे जाकर ऑटो से टकरा गई। इसके बाद ऑटो पलट गया, जिससे उनके भाई और ऑटो में बैठे एक यात्री ऑटो के नीचे फंस गए। ऑटो पूरी तरह टूट गया और उनके भाई की हालत बहुत गंभीर है।

### बिहार में कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर; उत्तराखंड में टेंपरेचर माइनस 21त्ऊ रहा

# यूपी में बारिश हुई, ओले गिरे, जयपुर में आंधी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के 5 शहरों में सोमवार सुबह बारिश हुई। अलीगढ़ और लखीमपुर में रविवार देर रात ओले गिरे। वहीं, जयपुर में सोमवार दोपहर बाद बादल छा गए और कुछ इलाकों में आंधी चली। मौसम विभाग ने 22 जनवरी को 6 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

बिहार के समस्तीपुर-बेगुसराय में घना कोहरा छाया रहा। इस वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर रही। मौसम विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री तक गिर सकता है। इस कारण सुबह-शाम तेज ठंड लगेगी।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ में न्यूनतम तापमान -21 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में 22 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने वाला है, इसके असर से बादल छाए रहेंगे। आंधी चलेगी, साथ ही कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। सोमवार को जयपुर, अजमेर, भरतपुर संभाग में हल्के बादल और कोहरा छाया रहा। हालांकि उत्तर से आने वाली हवा कमजोर रहने से तापमान में बड़ी गिरावट नहीं हुई।




### जनवरी के आखिरी में तेज सर्दी का एक और दौर

मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से थोड़ी राहत मिली है। पिछली दो रात में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक बढ़ गया। वहीं, दिन में धूप निकल रही है, लेकिन जनवरी के आखिरी सप्ताह में तेज सर्दी का एक और दौर आ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी हिमालय पर एक्टिव सिस्टम जब गुजर जाएगी, तब ठंड बढ़ेगी। वर्तमान में प्रदेश के ऊपर दो सिस्टम है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से कई जिलों में बादल छा रहे हैं।

प्रदेश के ऊपर दो सिस्टम है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से कई जिलों में बादल छा रहे हैं। वहीं, 21 जनवरी को स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम बदलने वाला है। एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहाड़ों पर पहुंच गया है, जबकि दो उसके पीछे आ रहे हैं। इस वजह से आज और कल घने कोहरे का अलर्ट है। वहीं, गुरुवार से बारिश, तेज हवाएं और बिजली चमकने की संभावना है।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान स्यु, क्रमांक 197 व 197/1 जिसका नया नगर पालिक निगम क्रमांक 197 स्थित वल्लभ भाई पटेल मार्ग, पथ क्र. 1 सैफी पथ उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 56.25 वर्गमीटर है जो वर्तमान में खुली भूमि भूखण्ड के रूप मे होकर उसके पूर्व दिशा में मकान हाजी मोहम्मद पीठेवान का, पश्चिम दिशा में मकान मोहम्मद हुसैन महिदपुरवाले का, उत्तर दिशा में गली सैफी मोहल्ला व दक्षिण दिशा मे सडक के.डी. गेट है को श्रीमती मुबारिका पति श्री अकबरअली बैगवाला, निवास वल्लभ भाई पटेल मार्ग, के.डी. गेट उज्जैन से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित में रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर श्रीमती मुबारिका बैगवाला के परिवार के किसी सदस्य का या अन्य किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेगी। दिनांक 19-01-2026 स्थान - उज्जैन

हुसैन मलोलावाला एडवोकेट
डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
फोन नम्बर: 9826534221, 8839920862

## 7 यूरोपीय देशों के 40 सैनिक पहुंचे; इटली बोला- ये क्या मजाक है

# ग्रीनलैंड को ट्रम्प से बचाने ब्रिटेन ने 1 सैनिक भेजा

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकियों के बीच यूरोप की ह्यसैन्य एकजुटताह्व अब मजाक का विषय बनती दिख रही है। ग्रीनलैंड की सुरक्षा के नाम पर ब्रिटेन ने सिर्फ 1 सैनिक भेजा है, जबकि सात यूरोपीय देशों के करीब 40 सैनिक राजधानी नुउक पहुंचे हैं।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और ब्रिटेन जैसे ठअळड देशों ने मिलकर ऑपरेशन आर्कटिक एंड्योरेंस नाम से जॉइंट मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया है। ये सैनिक इसी में शामिल होने पहुंचे हैं। इस पूरे सैन्य अभ्यास पर सवाल उठाते हुए इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने इसे एक मजाक करार दिया है।

डेनमार्क पहले से ग्रीनलैंड में करीब 200 सैनिक तैनात किए हुए है। इसके अलावा 14 सदस्यीय सीरियस डॉग स्लेज पेट्रोल भी वहां मौजूद है, जो आर्कटिक इलाकों में गश्त करते हैं।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि आने वाले दिनों में इन्हें जमीन, हवा और समुद्र के जरिए और मजबूत किया जाएगा। यह संख्या छोटी है, लेकिन यह राजनीतिक संदेश देने के लिए है कि ठअळड एकजुट है। डेनमार्क की अगुवाई में चल रहा ऑपरेशन आर्कटिक एंड्योरेंस एक सैन्य अभ्यास है। इसका मकसद यह देखना है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने पड़े, तो उसकी तैयारी कैसी होगी। डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस अभ्यास का फोकस आर्कटिक इलाके में सहयोगी देशों के बीच तालमेल और काम करने की क्षमता बढ़ाने पर है।



आगे चलकर इससे भी बड़ा मिशन लाने की योजना है, जिसे ऑपरेशन आर्कटिक सेंट्री कहा जा रहा है। यह एक नाटो मिशन होगा। इसका उद्देश्य ग्रीनलैंड और उसके आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ाना और किसी भी खतरे का सैन्य जवाब देने की ताकत मजबूत करना है।

हालांकि यह मिशन तुरंत शुरू नहीं होगा। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के मुताबिक, ऑपरेशन आर्कटिक सेंट्री को शुरू होने में अभी कई महीने लग सकते हैं। यानी फिलहाल ग्रीनलैंड में कोई बड़ा नया सैन्य मिशन शुरू नहीं हुआ है, बल्कि उसकी तैयारी और योजना पर काम चल रहा है। कुछ बड़े सैन्य ताकत वाले देश इस मिशन से दूर रहे। पोलैंड, इटली और तुर्किए ने ग्रीनलैंड में सैनिक भेजने से इनकार कर दिया। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने साफ कहा कि उनका देश सैनिक नहीं भेजेगा।

दरअसल, पोलैंड की सबसे बड़ी चिंता रूस के साथ लगी उसकी पूर्वी सीमा है। पोलैंड अपनी सैन्य ताकत को वहीं केंद्रित रखना चाहता है। ग्रीनलैंड में सैनिक तैनाती को लेकर नाटो का कोई सामूहिक निर्देश नहीं है। हर देश अपनी सुरक्षा प्राथमिकताओं और संसाधनों के हिसाब से फैसला कर रहे हैं।

## ईरान में प्रदर्शनकारियों को पुलिस का अल्टीमेटम; 72 घंटे में सरेंडर करो वरना पूरी ताकत से कार्रवाई करेंगे

ईरान में जारी विरोध-प्रदर्शनों को लेकर पुलिस ने सख्त चेतावनी दी है। सोमवार को देश के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख अहमद-रेजा रादन ने कहा है कि जिन लोगों ने दंगों में



हिस्सा लिया है, वे 72 घंटे के भीतर सरेंडर कर दें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ ह्लकानून की पूरी ताकतह्व के साथ कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी समाचार एजेंसी अत्रह्ल ने दी है। रादन ने कहा, जो युवा अनजाने में दंगों में शामिल हो गए, उन्हें दुश्मन नहीं माना जाएगा। अगर वे तय समय के भीतर सरेंडर करते हैं, तो उनके साथ नरमी बरती जाएगी। ईरान में 28 दिसंबर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5,000 लोगों की मौत हो गई है। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रॉयटर्स को यह जानकारी दी है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन शुरू में शांतिपूर्ण थे, लेकिन बाद में हिंसा में बदल गए। सरकार का आरोप है कि इसमें अमेरिका और इजराइल जैसे विदेशी दुश्मनों की भूमिका रही है।



# अफगानिस्तान के सबसे सुरक्षित इलाके में बम विस्फोट, 7 की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› अफगानिस्तान

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को एक धमाका हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस विस्फोट में 7 लोगों की मौत हुई है और 13 घायल हुए हैं। धमाका शाहर-ए-नौ इलाके में हुआ, जिसे काबुल के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। इस इलाके में विदेशी नागरिक भी रहते हैं।

तालिबान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने रॉयटर्स न्यूज एजेंसी को बताया, ह्लप्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक, कई लोगों की मौत हुई है और कुछ लोग घायल हुए हैं।ह्व उन्होंने कहा कि घटना से जुड़ी ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी।

धमाके की वजह और इसमें किस तरह का विस्फोटक इस्तेमाल हुआ, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।

साल 2021 में अमेरिका की वापसी के बाद तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल और अफगानिस्तान के अन्य हिस्सों में हमले पहले की तुलना में कम हुए हैं। हालांकि, करक्छ (करकर) से जुड़े संगठन अब भी देश में सक्रिय हैं और समय-समय पर हमले करते रहते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में अब तक अफगानिस्तान में दो आत्मघाती हमले हो चुके हैं। इनमें से कई हमलों की जिम्मेदारी करक्छ की स्थानीय शाखा ने ली है। तालिबान ने सत्ता में आने के बाद देश में सुरक्षा बहाल करने का दावा किया था, लेकिन ऐसे हमले अब भी चुनौती बने हुए हैं।

## चीन में 2025 में 79 लाख जन्म, 1.13 करोड़ मौतें, 76 साल के जन्मदर का रिकॉर्ड टूटा

चीन सरकार ने सोमवार को बताया कि 2025 में 79.2 लाख बच्चों का जन्म हुआ, जबकि 2024 में यह संख्या 95.4 लाख थी। वहीं 2025 में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1.13 करोड़ हो गई। यह 1949 में आधुनिक चीन की स्थापना के बाद से अब तक का सबसे निचला स्तर है। यानी 76 साल में पहली बार जन्म दर इतनी नीचे गई है।

## दक्षिण अफ्रीका में ट्रक और स्कूल बस की टक्कर, 13 बच्चों की मौत

दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग प्रांत में सोमवार सुबह एक ट्रक और स्कूल बच्चों को ले जा रही एक मिनीबस की टक्कर में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई। अढ न्यूज ने यह जानकारी पुलिस के हवाले से दी है। अधिकारियों के मुताबिक, शुरूआती रिपोर्ट में बताया गया कि 11 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो बच्चों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह प्राइवेट मिनीबस सोमवार सुबह करीब 7 बजे जोहान्सबर्ग के दक्षिण-पश्चिम इलाके में बच्चों को अलग-अलग प्राथमिक और हाई स्कूलों में ले जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चों से भरी मिनीबस सड़क पर खड़े वाहनों को ओवरटेक कर रही थी, तभी उसकी ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस ने कहा कि हादसे की जांच की जा रही है और ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की जाएगी। गौतेंग प्रांत के शिक्षा विभाग के मंत्री माटोमे चिलोआने ने बताया कि स्कूल बस ड्राइवर की भी जांच की जाएगी कि कहीं वह लापरवाही से तो गाड़ी नहीं चला रहा था। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने इस हादसे पर दुख जताया और कहा कि अधिकारी पीड़ित परिवारों और स्कूलों को जरूरी मदद मुहैया करेंगा।

# आसिम मुनीर बोले-पाकिस्तान बनने का मकसद पूरा होने वाला है: इस्लामी देशों के बीच इसका खास दर्जा

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही।

आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे। इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे।

इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर बना था और आज उसे इस्लामिक देशों के बीच एक खास दर्जा हासिल है। अब इसकी अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी।





आसिम मुनीर ने दावा किया कि दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है। जब उनसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सराहना मिल रही है, तो वह भी अल्लाह की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि असल में यह पाकिस्तान को मिली पहचान है, किसी एक इंसान को नहीं। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई मुलाकातों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिम मुनीर और शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को पाकिस्तान में दुर्लभ खनिजों और कच्चे तेल के रिसोर्स का भरोसा भी दिलाया, जिनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आसिम मुनीर ने अप्रैल 2025 में इस्लामाबाद में हुए ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि टू नेशन थ्योरी ही पाकिस्तान की बुनियाद है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों और हिंदुओं के बीच बुनियादी फर्क है और दोनों एक नहीं, बल्कि अलग-अलग राष्ट्र हैं।

## पुराने सेना प्रमुखों से बिल्कुल अलग माने जाते हैं मुनीर

आसिम मुनीर अपने पहले के सेना प्रमुखों से काफी अलग माने जाते हैं। पहले के ज्यादातर सेना प्रमुख पश्चिमी सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षित पेशेवर सैनिक थे, जो धर्म और राजनीति से दूरी बनाए रखते थे। इसके उलट आसिम मुनीर हाफिज-ए-कुरान हैं और मजहब उनकी पब्लिक इमेज का अहम हिस्सा है। वह पाकिस्तान के ऐसे पहले अधिकारी हैं, जिन्होंने मिलिट्री इंटेलिजेंस और करक दोनों की लीडरशिप की है। उनकी लीडरशिप में पाकिस्तानी सेना खुद को सिर्फ देश की रक्षा करने वाली ताकत नहीं, बल्कि इस्लाम की रक्षा करने वाली ताकत के रूप में भी पेश कर रही है। इसके लिए पुराने इस्लामिक और अरबी प्रतीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय विद्रोहियों को 'फितना अल-खवारिज' और 'फितना अल-हिंदुस्तान' जैसे नाम दिए जा रहे हैं और उन्हें गुमराह ताकतें और भारत का समर्थक बताया जा रहा है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | ■ | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | | |
| 10 | 11 | | | | ■ | | 12 | 13 |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ध | र | ज | ■ | गु | रु | शि |
| घ | ड़ा | ■ | म | हि | ना | ■ | ■ | ना |
| र | न | र | ■ | न | व | औ | ब | न |
| ■ | क | प | ला | ■ | ब | ■ | ■ | शी |
| प | ■ | ला | त | ■ | ला | ग | ■ | ला |
| नौ | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| कला | न | ध | र | ज | ■ | ह | र | ण |
| प | ■ | ■ | ना | बा | रा | ■ | क | ण |
| ना | ट | क | ■ | प | ह | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | डे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ब | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | य | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | श्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...


0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराईं

## बर्फीले तूफान की वजह से हादसा 30 से ज्यादा ट्रक फंसे






**अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं।**

फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा।

यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।



### सड़क पर गाड़ियां मुश्किल से दिखीं

फॉक्स न्यूज से बात करते हुए लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। उन्होंने कहा पीछे से लगातार टकराने की आवाजें आ रही थीं। आगे तो दिख रहा था, लेकिन पीछे क्या हो रहा है, यह साफ नजर नहीं आ रहा था। हालात काफी डरावने थे।

### अमेरिका में कई राज्यों में बर्फीले तूफान का असर

अमेरिका के कई राज्य इन दिनों बर्फीले तूफान का सामना कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी की है कि उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कॉन्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क तक बेहद ठंडा मौसम या बर्फीले तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक नॉर्थ-सेंट्रल फ्लोरिडा और साउथईस्ट जॉर्जिया में तापमान जीरो डिग्री तक गिर सकता है। मिशिगन के ओटावा काउंटी शेरिफ ऑफिस ने बताया कि इलाके में कई जगह दुर्घटनाएं हुईं और कई ट्रक जैकनाइफ हो गए। कई कारें सड़क से फिसलकर बाहर चली गईं।

# चिली के जंगल में आग से 19 लोगों की मौत...

## 50 हजार बेघर; लोग बोले- 20 मिनट और रुकते तो जिंदा जल जाते;



## पहाड़ियों में लगी आग से धुएं का गुबार उठता नजर आया

दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगल में लगी आग की चपेट में आकर अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चला है। आग की वजह से अब तक 50 हजार से ज्यादा लोगों को बेघर होना पड़ा है। कई कस्बों में घर, गाड़ियां और पूरी बस्तियां जलकर खाक हो गईं। पेंको शहर के 25 वर्षीय छात्र माटियास सिड ने न्यूज एजेंसी अऋ को बताया, आग पूरी तरह बेकाबू हो गई है। आग का बवंडर घरों को निगल गया। हम सिर्फ पहनने के कपड़ों में जान बचाकर निकले।



## सरकार ने आपातकाल और कर्फ्यू घोषित किया

राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक ने न्युब्ले और बायोबियो में आपातकाल घोषित कर दिया है। करीब 4 हजार दमकलकर्मी आग बुझाने में लगे हैं।

आपातकाल के तहत सेना की मदद भी ली जा रही है। राष्ट्रपति खुद प्रभावित शहर कॉन्सेप्सियोन पहुंचे और हालात की समीक्षा की। उन्होंने सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में रात का कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया। बोरिक रविवार शाम सैंटियागो लौट आए। उन्होंने कहा कि वे सोमवार को राष्ट्रपति-निर्वाचित जोस एंटोनियो कास्ट से मिलकर जंगल की आग पर जानकारी साझा करेंगे। उन्होंने बयान दिया, ह्रमुश्किल वक्त में चिली एकजुट है। सरकार और राष्ट्रपति मिलकर काम करेंगे।

चिली के पोर्ट सिटी लिरक्वेन में भी हालात गंभीर हैं। करीब 20 हजार की आबादी वाले इस शहर में लोगों ने बताया कि आग कुछ ही सेकंड में फैल गई।

57 वर्षीय अलेजांद्रो अरेडोंडो ने कहा, कई लोग इसलिए बच पाए क्योंकि वे भागकर समुद्र तट पर पहुंच गए। यहां कुछ भी खड़ा नहीं बचा। रविवार रात तक लिरक्वेन में सेना सड़कों पर गश्त कर रही थी। कर्फ्यू के बावजूद कुछ लोग टॉर्च की रोशनी में मलबा हटाने और आग बुझाने में जुटे रहे।

### मौसम बना सबसे बड़ी चुनौती

राष्ट्रीय आपदा रोकथाम की निदेशक एलिसिया सेब्रियन ने बताया कि सबसे ज्यादा निकासी पेंको और लिरक्वेन से कराई गई है। दोनों कस्बों की कुल आबादी करीब 60 हजार है। बायोबियो के वन संरक्षण एजेंसी प्रमुख एस्टेबान क्राउस ने कहा कि रविवार को मौसम दमकलकर्मियों के लिए बेहद खराब रहा। तेज हवाएं और ज्यादा तापमान आग को और भड़का रहे हैं।

■ वर्ष-12 अंक-79 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 20 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

दिनयामिन्यौ सायं प्रातः, शिशिरवसन्तौ पुनरायातः।
कालः क्रीडति गच्छत्यायुस्तदपि न मुन्च्त्याशावायुः॥

**भावार्थ** : दिन और रात, शाम और सुबह, सर्दी और बसंत बार-बार आते-जाते रहते है काल की इस क्रीडा के साथ जीवन नष्ट होता रहता है पर इच्छाओ का अंत कभी नहीं होता है।

मा कुरु धनजनयौवनगर्वं, हरति निमेषात्कालः सर्वं।
मायामयमिदमखिलम् हित्वा, ब्रह्मपदम् त्वं प्रविश विदित्वा॥

**भावार्थ** : धन, शक्ति और यौवन पर गर्व मत करो, समय क्षण भर में इनको नष्ट कर देता है इस विश्व को माया से घिरा हुआ जान कर तुम ब्रह्म पद में प्रवेश करो।

## सम्पादकीयम्

# देशे क्लेशः

षट् अभियुक्तेषु पञ्च जनाः गृहीताः सन्ति। जातिगत चिन्तनम्। एषा घटना त्रिपुरादिषु पूर्वोत्तरराज्येषु अपारं क्रोधं जनयति, न्याय्यतया च। यस्मिन् देशे अमेरिका-युरोप-ऑस्ट्रेलिया-देशेषु भारतीयानां विरुद्धं जातिवादी-अपराधानां विरोधः भवति, तस्मिन् एव देशे गभीर-मूलं, खतरनाकं च जाति-चिन्तनं कतिपयेषु वर्गेषु विद्यते पूर्वोत्तरदेशस्य जनाः पुनः पुनः लक्ष्यं कुर्वन्ति। देशे क्लेशः।

भारतीयसामाजिकविज्ञानसंशोधनपरिषद् इत्यनेन २०२१ तमे वर्षे एकस्य अध्ययनस्य परिणामाः प्रकाशिताः। तस्मिन् समये सर्वेक्षणं कृतेषु ७८% ईशानदेशीयाः जनाः स्वरूपस्य कारणेन लक्षिताः इति मन्यन्ते स्म एतेन ज्ञायते यत् जनानां स्वदेशस्य विषये कियत् अल्पं जागरूकता अस्ति। द्वितीयं देशस्य अनेकेषु भागेषु ईशान्यदेशस्य जनाः येषां कष्टानां सामनां कुर्वन्ति। जातिवादी नियम। एतादृशस्य प्रत्येकस्य घटनायाः अनन्तरं कठोरकायाणां चर्चा भवति, परन्तु प्रश्नः अस्ति यत् किं किमपि पाठं ज्ञातम् २०१४ तमे वर्षे अरुणाचलस्य छात्रः निदो तानिया दिल्लीनगरे ताडितः अभवत्-ततः परं किमपि परिवर्तनं जातम् वा एन्जेल् इत्यस्य मृत्योः अनन्तरं बहवः संस्थाः जातिवादविरोधी कानूनस्य आग्रहं कृतवन्तः, यत् सर्वथा सम्यक अस्ति। कठोरता आवश्यकी अस्ति। देशस्य एकतायाः अखण्डतायाः च कृते जातिवादः भयङ्करः अस्ति। यदा कदापि कस्मिन् अपि भारतीयनगरे एन्जेल् इत्यादिना कस्यचित् भेदभावः भवति तदा समाजस्य विशालस्य वर्गस्य भावनां क्षतिं करोति इति न निराकर्तुं शक्यते।

### दिल्लीनगरे ग्राप्-3 कठिनं कृतम्, कश्मीरे हिमपातस्य संकेताः

# शीतलनीहारः, देशे सर्वत्र मौसमस्य स्थितिः परिवर्तते



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

शीत, नीहारः, प्रदूषणं च उत्तरभारतात् पूर्वराज्यपर्यन्तं सामान्यजीवने भृशं प्रभावं कृतवन्तः। सायं यावत् दिल्ली-एनसीआर-नगरे श्वसनं कठिनं जातम्, यदा तु पर्वतीयक्षेत्रेषु हिमपातः, मैदानीक्षेत्रेषु सघननीहारः च गतिं बाधितवान् मौसमविभागस्य नवीनतमपूर्वसूचनानुसारं देशस्य अनेकभागेषु मौसमस्य परिवर्तनं भविष्यति, येन केषुचित् क्षेत्रेषु राहतं भविष्यति, केषुचित् क्षेत्रेषु कष्टानि वर्धन्ते।

राजधानी दिल्लीनगरे शीतविषाक्तवायुना द्विगुणा आक्रमणं सम्मुखीभवति। वायुगुणवत्ताप्रबन्धनआयोगेन स्थितिः गम्भीरा इति मत्वा ग्राप्-३ इत्यस्य अन्तर्गतं कठोरप्रतिबन्धाः स्थापिताः सन्ति। सायं ४ वादने दिल्लीनगरस्य एक्.क्यू.आइ. वर्तमानकाले वायुगुणवत्तायां अधिकं क्षयस्य सम्भावना वर्तते इति अधिकारिणः वदन्ति। न्यूनवायुः आर्द्रता च वायुमण्डले प्रदूषकाः फसन्ति। इत्यस्य अन्तर्गतं निर्माणकार्यं प्रतिबन्धितं, डीजलजनरेर्ट-इत्येतत् कठिनं कृतम्, प्रदूषण-क्रियाकलापानाम् निरीक्षणं च वर्धितम्। आगामिषु २४ तः ४८ घण्टेषु यदि प्रचण्डवायुः वर्षा वा न भवति तर्हि दिल्लीनिवासिनः राहतं प्राप्तुं कष्टानि अनुभविष्यन्ति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते।

दिल्ली-नगरस्य समीपे स्थिते नोएडा-नगरे, ग्रेटर-नोएडा-नगरे च शीत-सघन-नीहारस्य प्रत्यक्षः प्रभावः बालशिक्षणे अभवत्। सावधानतारूपेण गौतमबुद्धनगरप्रशासनेन नर्सरीतः अष्टमश्रेणीपर्यन्तं सर्वाणि विद्यालयानि शुक्रवासरशनिवासरपर्यन्तं बन्दाः भवन्तु इति आदेशः दत्तः। एषः निर्णयः सर्वेषु बोर्डेषु कार्यान्वितः अस्ति। प्रातःकाले दुर्दृश्यतायाः सम्भावनायाः, स्खलितमार्गस्य च कारणेन प्रशासनेन एतत् पदं कृतम्। मातापितरः अस्य निर्णयस्य स्वागतं कृतवन्तः यद्यपि ऑनलाइन-शिक्षणस्य विषये भ्रमः अद्यापि वर्तते। उत्तरप्रदेशस्य अन्येषु भागेषु अपि शिशिरस्य प्रभावः न्यूनतायाः लक्षणं न दृश्यते। लखनऊ, कानपुर, परिसरेषु च दिवा स्वच्छं आकाशं भविष्यति, परन्तु रात्रौ प्रातःकाले च सघनतः अत्यन्तं सघनपर्यन्तं नीहारः अपेक्षितः अस्ति मौसमविभागेन केषुचित् जिल्हेषु शीतदिवसस्य स्थितिः इति चेतावनी दत्ता, यत्र दिवसस्य तापमानं सामान्यतः बहु न्यूनं भवितुम् अर्हति।

### वृषभराशिनां कृते एषः संयोगः

# आकस्मिकवित्तीयलाभान् लम्बितदेयतानां प्राप्तिं नूतननिवेशस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

वृषभराशिनां कृते एषः संयोगः आकस्मिकवित्तीयलाभान्, लम्बितदेयतानां प्राप्तिं, नूतननिवेशस्य अवसरान् वा उद्घाटयितुं शक्नोति। मिथुनराशिनां कृते प्रमुखस्य करियर-मोक्षबिन्दुस्य संकेताः सन्ति, यत्र दीर्घकालं विलम्बितस्य पदोन्नतिस्य, नूतनस्य कार्यस्य, अथवा प्रमुखस्य परियोजनायाः उत्तरदायित्वस्य सम्भावना वर्तते मकरराशिनां कृते एषः समयः वर्धमानस्य आत्मविश्वासस्य, नेतृत्वक्षमतायाः, सामाजिकप्रतिष्ठायाः च, यतः एषः सन्धिः तेषां राशिचक्रे निर्मीयते

तथापि ज्योतिषप्रभावाः केवलं शुभराशिषु एव सीमिताः न भवन्ति। केषाञ्चन राशिचक्राणां कृते एषः अपि सावधानतायाः समयः अस्ति। अस्मिन् पञ्चकोणवृत्ते चन्द्रस्य अल्पकालीनप्रवेशस्य मनसि गहनः प्रभावः भवितुम् अर्हति, येन भावनात्मकाः उतार-चढावः, चिड़चिडापनं, त्वरितनिर्णयस्य प्रवृत्तिः च भवति मेष-कर्क्कट-रोगिणः विशेषतया द्वन्द्वं परिहरन्तु, वाहनचालनकाले अतिरिक्तसावधानी च भवेयुः इति सल्लाहः दत्तः। मंगलस्य शनिस्य च प्रभावात अग्निः, यन्त्राणि, उच्चवेगयुक्तानि कार्याणि च नियन्त्रयितुं सावधानी आवश्यकी भवति। अनेन आकाशसंयोगेन वैज्ञानिकज्योतिषदृष्टिकोणयोः मध्ये अपि विवादः उत्पन्नः अस्ति। सामाजिकमाध्यमेषु केचन वैज्ञानिकाः तर्कयन्ति यत् ग्रहस्थानानि पृथिव्यां घटनासु प्रत्यक्षतया प्रभावं न जनयन्ति, यदा तु ज्योतिषिणः मन्यन्ते यत् ग्रहाणां संयुक्तगुरुत्वाकर्षणशक्तिक्षेत्रं मानवमनः सामूहिकचेतना च प्रभावितं करोति मकरस्य पृथिवीतत्त्वेन सह सम्बद्धतायाः कारणात् केचन जनाः भूवैज्ञानिकगतिभिः प्राकृतिकक्रियाकलापैः च सह सम्बद्धं कुर्वन्ति, यद्यपि अस्य वैज्ञानिकपुष्टिः नास्ति।

# प्रयागराजमाघमेलास्थले विशालः अग्निः प्रज्वलितः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रयागराज

मंगलवासरे सायं प्रयागराजमाघमेलायां विशालः अग्निः प्रज्वलितः। सेक्टं ५ इत्यस्मिन् नारायण शुक्लधाम् शिबिरे अग्निः प्रज्वलितः, येन आतङ्कः उत्पन्नः। कल्पवेषु उपस्थिताः जनाः धावन्तः दृश्यन्ते स्म। अग्निप्रकोपस्य नियन्त्रणार्थं पुलिसैः, सन्तैः च उद्धारकार्यं आरब्धम्। ५ किलोमीर्ट दूरतः ज्वालाः धूमः च दृश्यन्ते स्म। अद्यापि कोऽपि क्षतिः न ज्ञातः। अग्निशामनाय प्रयत्नाः प्रचलन्ति। पञ्च अग्निशामकयन्त्राणि घटनास्थले आगत्य जलस्य सिञ्चनं कुर्वन्ति। ज्वालाः नियन्त्रणे कृताः, परन्तु अग्निः निरन्तरं प्रज्वलितः अस्ति। शॉर्ट सर्किट् इति शङ्का वर्तते। नारायणधामशिबिरे सर्वेषु शिबिरेषु अग्निः प्रसृतः, यत्र प्रायः १५ तंबूः आसन्, येषु ५० तः अधिकाः तीर्थयात्रिकाः निवसन्ति स्म । अग्निः प्रज्वलितः ततः परं शिबिरं धूमः पूरयितुं आरब्धवान्।

## राशिफल

**मेष** : सहीसे इस्तेमाल करों। काम पर अधिक ध्यान दें। परिणाम अपेक्षाओं के अनुरूप होंगे।

**वृषभ** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पर, मन परेशान भी हो सकता है। प्रेम संबंधों में स्थिरता बनी रहेगी।

**मिथुन** : मित्र आपका साथ देंगे। क्रिएटिव तौर पर आप मजबूत होगें। क्रिएटिव चीजों पर जोर रहेगा।

**कर्क** : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पैसों की स्थिति संतुलित रहेगी। सेहत के लिहाज से आराम जरूरी है, खुद को ज्यादा थकाने से बचें।

**सिंह** : इस समय आपको सलाह देते हैं कि पर्सनल मामलों में सावधानी बरतें। मीटिंग्स के लिए समय निकालें।

**कन्या** : आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। धन और संपत्ति के मामलों में तेजी आएगी।

**तुला** : आवश्यक काम पर अधिक ध्यान दें। लेन-देन में धैर्य रखें। मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरूआत हो सकती है।

**वृश्चिक** :मेहमान आएंगे। आप योजनाओं के अनुसार आगे बढ़ेंगे। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं।

**धनु** : वांछित जानकारी आपको मिलेगी। अगर आप पार्टनरशिप बिजनेस में हैं, तो वो पहले से बेहतर होंगी।

**मकर** : आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। माता-पिता का साथ मिलेगा।

**कुंभ** : काम प्रभावित हो सकता है। विवेक और विनम्रता बनाए रखें।मानसिक शांति के लिए खुद को थोड़ा समय देना फायदेमंद रहेगा।

**मीन** : काम और व्यापार उम्मीद के मुताबिक चलेगा। लव लाइफ में इमोशनल तौर पर चीजें और मजबूत होंगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# केतु नक्षत्र परिवर्तन का किन राशियों पर होगा शुभ प्रभाव, किनके बिगड़ेंगे काम?

नए साल में केतु ग्रह नक्षत्र परिवर्तन करने जा रहा है। 25 जनवरी 2026 को होने वाला यह गोचर केतु को पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश कराएगा। आइए जानते हैं कि केतु का नक्षत्र परिवर्तन कैसे असर डालता है और किन राशियों पर इसका शुभ या अशुभ प्रभाव देखने को मिलेगा।



नए साल में केतु ग्रह नक्षत्र परिवर्तन करने जा रहा है। 25 जनवरी 2026 को होने वाला यह गोचर केतु को पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश कराएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार केतु का यह परिवर्तन सभी 12 राशियों के जीवन को किसी न किसी रूप में प्रभावित करेगा। कुछ राशियों के लिए यह बदलाव लाभकारी साबित होगा, जबकि कुछ को करियर, रिश्तों और मानसिक स्थिति को लेकर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं कि केतु का नक्षत्र परिवर्तन कैसे असर डालता है और किन राशियों पर इसका शुभ या अशुभ प्रभाव देखने को मिलेगा।

केतु को ज्योतिष में कर्म, वैराग्य और भ्रम का ग्रह माना जाता है। करियर में अचानक रुकावटें और असमंजस की स्थिति पैदा कर सकता है। पारिवारिक रिश्तों में मतभेद और दूरियां बढ़ा सकता है। गलत समझ और अहंकार के कारण रिश्तों में तनाव या अलगाव की स्थिति बन सकती है। मानसिक रूप से केतु भ्रम, बेचैनी और तनाव को बढ़ाता है। गलत स्थान पर स्थित केतु डिप्रेशन, नींद की समस्या और आत्मविश्वास की कमी दे सकता है। सेहत की बात करें तो यह पाचन तंत्र, नर्वस सिस्टम और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कुछ मामलों में व्यक्ति नशे या टॉक्सिक आदतों की ओर आकर्षित हो सकता है। मान्यता है कि केतु पिछले जन्म के कर्मों का फल देता है, इसलिए इसके प्रभाव अचानक और अप्रत्याशित हो सकते हैं।

- **इन राशियों पर केतु का शुभ प्रभाव-** केतु का नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ रहा है।
- **सिंह राशि-** संतान पक्ष से सुख और सहयोग मिलने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में स्थिति बेहतर होगी और वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा।
- **वृष राशि-** पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे और घर का माहौल अच्छा रहेगा। नौकरी और व्यापार में स्थिरता और लाभ के संकेत हैं।
- **वृश्चिक राशि-** आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिल सकता है। व्यापार में नए अवसर और लाभ के योग बन रहे हैं।
- **इन राशियों को केतु देगा चुनौतियां-** कुछ राशियों को इस दौरान विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत होगी।
- **तुला राशि-** खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। निवेश सोच-समझकर करें, नुकसान की संभावना है। प्रेम जीवन में गलतफहमी हो सकती है।
- **मिथुन राशि-** बिजनेस और लव लाइफ में उतार-चढ़ाव रह सकता है। किसी पर भी आंख बंद करके भरोसा न करें।

## खबर एक नजर...

### पत्थरों से किया हमला, चाकू दिखाकर दी धमकी

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम नलवा में रहने वाले राजकुमार पिता बाबूलाल मरमट 28 साल घर से कुछ दूरी पर पंचक्रोशी पड़ाव के पास ग्राम आवलिया भूतिया में रहने वाले गोलू ने अपने साथी अमन और अन्य के साथ मिलकर रोका और पत्थरों से हमला कर सिर फोड़ दिया। गोलू ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। पथराव में घायल राजकुमार को परिजन चिंतामण गणेश थाना लेकर पहुंचे। जहां से पुलिस ने उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। वहीं मामले में राजकुमार के बयान दर्ज कर अमन और गोलू सहित अन्य के खिलाफ मारपीट करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया। घायल राजकुमार ने बताया कि गोलू अपराधिक प्रवृति का है। कुछ माह पहले उसने भतीजे निखिल को चाकू मार दिये थे। उक्त मामले में वह गवाह है। जिसको लेकर वह गवाह पलटने का दबाव बना रहे है। उनके बीच तनातनी चली आ रही थी। इसी बात पर उसने नलवा आकर हमला किया।

### शराब पीने से रोकना पत्नी को पड़ा भारी

**उज्जैन।** विक्रमनगर में रहने वाली रोशनी को शराब पीने से पति शाहरूख को रोकना रविवार रात भारी पड़ गया। पति से उसके साथ बुरी तरह मारपीट की और घायल कर दिया। रोशनी को उपचार के लिये आसपास के लोगों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। रोशनी के बताया कि पति आये दिन शराब पीकर घर आता है। रात में भी नशा कर लौटा था उसे शराब पीने से मना किया तो उसने पहले तो सिर दीवार में भड़क दिया और ताल-घूंसों से मारपीट की। अस्पताल स्टॉफ की ओर से रोशनी के साथ हुई मारपीट की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच करेगी।

### नारायणा चौराहा पर ट्रक ने मारी कार को टक्कर

**उज्जैन।** महिदपुर तहसील के ग्राम नारायणा में रविवार-सोमवार रात तेजगति से दौड़ते ट्रक ने हुंडाई कार को पीछे से टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कार में सवार लोग गंभीर घायल नहीं हुये। कार का टायर फट गया और एक्सेल टूट गया। कार चालक रामबाबू पिता शिब्बालाल जाटवा ग्राम सुतालिया रोड घोषी मोहल्ला ब्यावरा राजगढ़ ने घटनाक्रम के बाद मामले की शिकायत महिदपुर थाना पुलिस को दर्ज कराई। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक मौके से लेकर भाग निकला था।

### स्ट्रीट डॉग से हुई दुर्घटना, युवक गंभीर घायल

**उज्जैन।** सड़कों पर दौड़ते स्ट्रीट डॉग दुर्घटना का कारण बनते जा रहे है। रविवार रात बाइक सवार स्ट्रीट डॉग के पहिये से टकराने पर गंभीर घायल हो गया। उसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घायल कमल पिता कनीराम वर्मा निवासी ग्राम खजूरिया मंसूर महिदुपर का रहने वाला है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि कमल का दोस्त झारड़ा में रहता है। जिसका जन्मदिन था, कमल जन्मदिन के आयोजन में शामिल होने जा रहा था। जिले में स्ट्रीट डॉग की संख्या काफी बढ़ गई है। जहां बच्चों और बुजुर्गो पर हमला कर रहे है, वहीं बाइक सवारों के सामने आकर दुर्घटना का कारण बन रहे है। अंधेरा ढलने के बाद स्ट्रीट डॉग बाइक सवारों के पीछे भागते है। यह सीधे बाइक के सामने आ जाते है। जिसके चलते बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 |


### कांच फोड़कर छिड़का था पेट्रोल, कैमरे में कैद हुई आगजनी

# रात 2.30 बजे नकाबपोश बदमाशों ने कार में लगाई आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गारमेंट और रियल स्टेट कारोबारी की कार का कांच फोड़कर रविवार-सोमवार रात 2.30 बजे दो नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। आगजनी को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश बाइक से भाग निकले। पुलिस में फुटेज सामने आने के बाद दोनों की तलाश शुरू की है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के एलपी भार्गव नगर में गारमेंट और रियल स्टेट कारोबारी नरेश धनवानी निवास करते हैं। उन्होंने अपनी कार क्रमांक एमपी 13 पी 1313 घर के बाहर पार्क की थी। रात 3 बजे के लगभग आसपास के लोगों को कार जलती दिखाई दी तो उन्होंने धनवानी परिवार को जानकारी दी। परिवार बाहर आया लेकिन कार आग की लपटों से पूरी तरह घिर चुकी थी। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान 11.50 लाख कीमत की कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आगजनी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। धनवानी परिवार और आसपास रहने वालों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए, जिसमें आगजनी की पूरी घटना कैद दिखाई दी। माधव नगर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फुटेज के आधार पर आग लगाने वालों की तलाश की जा रही है।



#### बाइक से आए थे, चेहरे पर था नकाब

सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पता चला कि आग लगने वाले दो बदमाश बाइक से आए थे उन्होंने चेहरे पर नकाब पहन रखा था वही दोनों शॉल भी ओढे थे। पहले उन्होंने कार का कांच फोड़ा। उसके बाद पेट्रोल जैसा ज्वलनशील पदार्थ अंदर डालने के बाद आज लगा दी। एक बदमाश मोबाइल से आगजनी की घटना का वीडियो भी बनता दिखाई दिया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी रंजिश के चलते धनवानी परिवार की कार में बदमाशों के माध्यम से आग लगवाई गई है।

#### गुरुवार रात को भी आए थे बदमाश

बताया जा रहा है कि कार में आग लगने से पहले गुरुवार रात को भी बदमाश धनवानी परिवार के यहां पहुंचे थे, तब उन्होंने घर के बाहर खड़ी एमजी हेक्टर कार का कांच फोड़ दिया था। परिवार ने उसे वक्त भी माधव नगर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस बदमाशों का पता नहीं लगा पाई और एक बार फिर बदमाश एलपीभार्गव नगर पहुंचे, इस बार उन्होंने आगजनी को अंजाम दिया।

## मंडी में बगैर अनुज्ञा का 135 क्विंटल सोयाबीन पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



**5 गुना अनुज्ञा शुल्क 34 हजार से अधिक की वसूली**

चिमनगंज कृषि उपज मंडी में सोमवार को एक व्यापारी का बगैर मंडी शुल्क का 135 क्विंटल सोयाबीन पकडा गया था। मामले में काफी देर विवाद की स्थिति बनने के बाद देर शाम को मंडी प्रशासन की और से कार्रवाई करते हुए मंडी अनुज्ञा शुल्क के साथ जुमार्ना वसूला गया है। मंडी प्रशासन को इससे 34 हजार से अधिक राशि की आय हुई है।

मंडी प्रशासन के सहायक निरीक्षक प्रीतम सिंह चौधरी के अनुसार सोमवार दोपहर उपरांत मारूति गतिमान नामक फर्म पर वाहन में 135 क्विंटल सोयाबीन लाया गया था। वाहन को मंडी में लाने के दौरान गेट पर तैनात कर्मचारी को गफलत में डाला गया था। इसकी जानकारी लगने पर मंडी में वाहन की ढूंढ करवाई गई। वाहन फर्म के सामने खडा होना सामने आया। इस पर फर्म पर जाकर संबंधित वाहन एवं सोयाबीन की अनुज्ञा की जानकारी लेने पर सामने आया कि बगैर अनुज्ञा ही सोयाबीन लाया गया था।

व्यापारी का कहना था कि उसने किसानों से खरीदा है लेकिन वह सौदा पत्र भी नहीं दे पाया । इस पर वाहन को सोयाबीन सहित मंडी कार्यालय लाया गया था। यहां पर मंडी नियमों के अनुसार कार्रवाई करते हुए अनुज्ञा शुल्क की 5 गुना राशि सहित 5 हजार रूपए जुर्माना सहित कुल 34 हजार 484 रूपए की वसूली कर रसीद काटी गई। राशि अगले कार्य दिवस में मंडी प्रशासन के खाते में जमा होगी।

### बीमारी से कर रहा था संघर्ष, एसपी ने दी श्रद्धांजलि

## नहीं रहा वर्दी का 25 साल साथ निभाने वाला हीरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानून व्यवस्था के साथ वीआईपी ड्युटी, धार्मिक आयोजनों में पुलिस वर्दी के साथ कदम से कदम मिलाने वाला हीरा (अश्व) सोमवार को साथ छोड़ गया। निधन की खबर मिलते ही एसपी पुलिस लाइन पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

वर्ष 2001 में 4 साल की उम्र का अश्व 'हीरा' पुलिस विभाग में शामिल हुआ था। शांत स्वभाव के हीरा ने पुलिस वर्दी के साथ अनुशासन एवं समर्पण भाव से कानून व्यवस्था, श्रावण भादौ माह में महाकाल की सवारी, भीड़ नियंत्रण, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में अपना दायित्व पुलिस बल के साथ निभाया। हीरा ने अपनी कार्यकुशलता, अनुशासन और विश्वसनीयता से अलग ही पहचान बनाई थी। 25 सालों तक पुलिस की गरिमा और कानून व्यवस्था में अपना योगदान देने वाला 'हीरा' कुछ समय से अस्वस्थ चल रहा था। उसकी बीमारी का उपचार पुलिस विभाग द्वारा कराया जा रहा था, लेकिन सोमवार को हीरा ने पुलिस विभाग का साथ छोड़ दिया। 25 सालों तक पुलिस सेवा में रहे 29 साल के हीरा के नहीं रहने की खबर मिलने पर एसपी प्रदीप शर्मा पुलिस लाइन पहुंचे। दिवंगत अश्व-हीरा की सेवाओं को नमन करते हुए उन्होने गहरा शोक व्यक्त किया और श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। एसपी ने कहा कि हीरा का निधन उज्जैन पुलिस परिवार के लिये अपूरणीय क्षति है। हीरा की सेवा उज्जैन पुलिस के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेंगी। हीरा का पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई देकर दफनाया गया।



ढाई माह में पुलिस विभाग को दूसरी क्षति

पुलिस विभाग को अश्वरोही दल के दूसरे अश्व के निधन से ढाई माह में दूसरी क्षति हुई है। इससे पहले नवम्बर 2025 में अश्व नोटिबॉय का निधन होना सामने आया था। नोटिबॉय पुलिस विभाग

# परिजनों से बिछड़ों को मिलवाने में पुलिस ने निभाई भूमिका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

परिजनों से बिछड़ों को मिलवाने में पुलिस ने एक बार फिर अपनी भूमिका निभाई और अपनी कर्तव्य निष्ठा के साथ मानवीय संवेदना का परिचय दिया। बिछड़ों के मिलने की खबर मिलने पर परिजनों पुलिस का आभार माना।

आंध्रप्रदेश के अनंतपुर से शनिवार को एक परिवार धार्मिक यात्रा पर आया था। रविवार को महाकाल दर्शन के बाद शाम को 6 बजे रामघाट पर क्षिप्रा आरती में शामिल होने पहुंचा। जहां परिवार में शामिल 65 साल की सरस्वती देवी पति आर श्रीनिवास मूर्ति भीड़ के बीच परिवार से बिछड़ गई। परिजनों ने आसपास तलाश किया, नहीं मिलने पर सुब्रमण्यम पिता स्व. चंद्रशेखर महाकाल थाना पुलिस के पास पहुंचे और बताया कि उनकी मौसी बिछड़ गई है। वह सिर्फ तेलगू भाषा जानती है और वृद्धावस्था के चलते उनकी नियमित दवाईयां भी चल रही है। थाना प्रभारी गगन बादल ने हमेशा की तरह वृद्धा श्रद्धालु की तलाश के लिये एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक मनीष यादव के साथ टीम को अलर्ट किया। परिजनों ने बिछड़ी महिला श्रद्धालु का फोटो लिया गया और वाट्सएप ग्रुप पर दुकानदारों, रिक्शा चालकों को भेजा गया। करीब 6 घंटे बाद रात 12 बजे डायल 112 पर तैनात आरक्षक अभिषेक और पायलेट पंकज को खबर मिली कि उक्त फोटो से मिलती-जुलती बुजुर्ग महिला हरसिद्धी पाल क्षेत्र में दिखाई दी है। तत्काल तलाश में लगी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सरस्वतीदेवी को सकुशल थाने लाया गया। परिजनों को सूचना दी गई। परिजन थाने पहुंचे और सरस्वती देवी को देख बिलख उठे। उन्हे सकुशल देख परिजनों ने पुलिस का आभार माना।



- **बिहार के बालक को परिजनों से मिलवाया-** बिहार के मधुबनी से सप्ताहभर पहले लापता हुए बालक को बड़नगर थाना पुलिस ने परिजनों से मिलवाया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रविवार रात को बस स्टेंड क्षेत्र में बालक के बदहवास हालत में दिखाई देने की खबर मिली थी। मौके पर पहुंचने के बाद सामने आया कि वह दिमागी रूप से कमजोर है। वह कुछ बता नहीं पा रहा था। उसके पास एक मोबाइल था, जिस पर कॉल आ रहे थे। मोबाइल के आधार पर संपर्क शुरू किया तो परिजनों से चर्चा हुई। उन्होने बताया कि नाम समीर पिता मोहम्मद अकबर है। पुलिस ने सकुशल मिलने की बात कहीं। सोमवार को बिहार से जीजा मोहम्मद नौशाद बड़नगर पहुंचे। जिनके सुपुर्द बालक को किया गया।
- **घर से नाराज होकर आई थी महिला-** बड़नगर तहसील के रूनिजा रोड पर फोरलेन ब्रिज के नीचे पुलिस ने एक महिला को लोगों की सूचना पर दस्तयाब किया। महिला लोगों के वाहन रोकने का प्रयास कर रही थी। पुलिस उसे थाने लेकर आई, जहां पूछताछ में सामने आया कि वह रतलाम की रहने वाली ज्योति शर्मा है। परिवार से नाराज होकर उसने घर छोड़ा है। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। बहन सीमा शर्मा बड़नगर पहुंची और बहन के मिलने पर रो पड़ी। पुलिस ने समझाईश के बाद उन्हे रतलाम रवाना किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com